वैशाख कृष्ण पक्ष-2, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 309 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
25 अप्रैल 2024 गुरुवार

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

**आज का मौसम**
38 अधिकतम
24 न्यूनतम



Page- 7

## रिजर्व बैंक की सख्ती के चलते टूट गया बैंक का शेयर

**मुंबई, एजेंसी।**

भारतीय रिजर्व बैंक के एक्शन के बाद प्राइवेट सेक्टर के कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर धराशायी हो गया है। स्टॉक मार्केट के ओपन होते ही बैंक का शेयर करीब 10 फीसदी टूटकर खुला।



केंद्रीय बैंक ने दरअसल कल बाजार बंद होने के बाद इस बैंक पर बड़ी कार्रवाई करते हुए इसे नए ग्राहक जोड़ने से रोक दिया था और नए क्रेडिट कार्ड जारी करने पर भी पाबंदी लगाई थी। शेयर बाजार में कारोबार शुरू होने के साथ 9.08 फीसदी की गिरावट के साथ 1675 रुपये के लेवल पर ओपन हुआ था और महज 5 मिनट के भीतर गिरावट बढ़कर 10 फीसदी हो गई। जबकि कल बुधवार को ये बैंकिंग स्टॉक बढ़त के साथ हरे निशान पर बंद हुआ था।

## विरासत टैक्स : चुनाव के समय अर्थहीन हैं करदाता: ग्रोवर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा द्वारा अमेरिका के विरासत टैक्स पर दिए बयान पर विवाद थमा नहीं था। वहीं शार्क टैंक इंडिया के जज रहे अश्नीर ग्रोवर ने कहा है कि राजनीतिक रैलियों में नेता टैक्स को लेकर कोई भी वादा करके बाद में बच निकल सकते हैं क्योंकि देश में चुनावों के मामले में करदाता अर्थहीन अल्पसंख्यक हैं। पहले भारत में टैक्स की राजनीति को समझने की जरूरत है क्योंकि 140 करोड़ भारतीयों में से आठ करोड़ ही इनकम टैक्स रिटर्न भरते हैं। इनमें भी दो करोड़ भारतीय केवल टैक्स देते हैं।

## जंगल में महुआ बीन रही महिला की भालू ने जान ली

**अनूपपुर।** आज सुबह जंगल में भालू ने एक महिला की जान ले ली। मामला छिल्पा के पटेराटोला गांव का बताया जा रहा है।



38 साल की रामकली बैगा, पति ननकू बैगा, बेटी साधना और नाती पलक के साथ कोरकोटहाई जंगल में महुआ बीन रही थीं। भालू के हमले से उनके सिर में गंभीर चोट आई। परिवार जिला चिकित्सालय अनूपपुर लेकर आया। यहां डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

### विजय संकल्प रैली को संबोधित किया, 18 दिन में पीएम का छठवां मप्र दौरा...

# मुरैना में मोदी सेना, विरासत से लेकर नामदार व कामदार के मुद्दे पर बरसे

**मुरैना/भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बारह घंटे के भीतर आज फिर मप्र में हैं। उन्होंने मुरैना में भाजपा की सभा में अपने भाषण के दौरान कुछ नये मुद्दे व शब्द जोड़े। इस अंचल से सेना में जाने वाले परिवारों के मद्देनजर न्होंने सेना से जुडी बातें भी भाषष में शामिल कीं व विरासत टैक्स को लेकर कांग्रेस को घेरा। विजय संकल्प रैली में मोदी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा व कहा कि मुरैना ने हमेशा उन्हीं का साथ दिया है, जिनके लिए राष्ट्र प्रथम है.आप सबका उत्साह देखकर मैं कह सकता हूं कि मुरैना आज भी न अपने संकल्प से डिगा है और न ही कभी डिगेगा। 'आजादी के समय कांग्रेस ने धर्म के नाम पर देश का विभाजन स्वीकार किया था। देश के टुकड़े कर दिए थे लेकिन कांग्रेस सुधरने को तैयार नहीं है कांग्रेस को लगता है, यही उसके फायदे के लिए सरल रास्ता है। मोदी ने कहा कि फिर कांग्रेस कुर्सी के लिए छटपटा रही है। कांग्रेस ने इतने वर्षों तक सेना के जवानों की वन रैंक वन पेंशन जैसी मांग पूरी नहीं होने दी, हमने सरकार बनते ही इसे लागू किया। पीएम ने कहा- कांग्रेस के शहजादे को पीएम को भला-बुरा कहने में मजा आता है, मगर इससे लोग दुखी न हों। नामदार का काम ही कामदार को गाली-गलौज करने का है। मुरैना के पुलिस परेड ग्राउंड में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर के समर्थन में इस सभा के दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा भी मौजूद थे। खास बात यह है कि अप्रैल महीने के 18 दिनों में पीएम का यह छठवां मप्र दौरा रहा है।



## आज चौथे चरण के नामांकन का आखिरी दिन

मध्यप्रदेश में चौथे चरण की 8 लोकसभा सीटों पर नामांकन भरने का गुरुवार को आखिरी दिन है। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी, और 29 को नाम वापस लिए जाएंगे। बुधवार तक 58 प्रत्याशियों ने 83 नामांकन दाखिल किए हैं। चौथे चरण का चुनाव 13 मई को होगा। इनमें इंदौर, देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, खरगोन व खंडवा शामिल हैं।

## कल दूसरे चरण का मतादन

लोकसभा चुनाव 26 अप्रैल के दूसरे चरण में मप्र अलावा जिन प्रमुख राज्यों में मतदान होना है, उनमें असम (5), बिहार (5), छत्तीसगढ़ (3), कर्नाटक (14), केरल (20), मध्य प्रदेश (7), महाराष्ट्र (8), उत्तर प्रदेश (8), राजस्थान (13) और पश्चिम बंगाल (3) शामिल हैं। छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव सीट पर भाजपा के संतोष पांडे का मुकाबला कांग्रेस उम्मीदवार और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से है।

## मोदी व राहुल को आयोग ने दिया नोटिस, 29 तक जवाब मांगा

आचार संहिता के उल्लंघन के आरोपों पर चुनाव आयोग ने आज पीएम मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी को नोटिस भेजा है। दोनों नेताओं से 29 अप्रैल सुबह 11 बजे तक जवाब मांगा गया है। चुनाव आयोग ने दोनों को उनके चुनावी भाषणों पर नोटिस जारी किया है। भाजपा व कांग्रेस पर धर्म, जाति, समुदाय या भाषा के आधार पर नफरत और विभाजन पैदा करने का आरोप है।

**नोटों भरा बैग व नड्डा:** उधर, लोकसभा चुनाव के बीच बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तजस्वी यादव ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि हमें खबर मिली है कि नड्डा नोटों से भरे पांच बैग बिहार लाए हैं। जहां-जहां चुनाव हो रहे हैं, वहां बांट रहे हैं।

## जयराम रमेश ने पीएम से पूछे 3 सवाल




*आज कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने पर पोस्ट कर कहा है कि प्रधानमंत्री मध्य प्रदेश के मुरैना जा रहे हैं। लिहाजा हमारे प्रधानमंत्री से तीन सवाल हैं।* ***1. मुरैना में सेना भर्ती को लेकर भाजपा के बड़े-बड़े वादों का क्या हुआ? 2. मध्य प्रदेश के गांवों में अभी भी पानी और स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव क्यों है? 3. मुरैना भारत की बिजली चोरी की राजधानी क्यों बन गई है?*** *रमेश ने चुनाव में भाजपा नेताओं के जुमलों व बातो का विवरण भी दिया और कहा कि जब तत्कालीन रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2018 में मुरैना का दौरा किया, तो उन्होंने वादा किया था कि एक या दो साल के भीतर वहां एक सैनिक स्कूल स्थापित किया जाएगा।*

## स्टडी: दुनिया का दूसरा सबसे सस्ता पासपोर्ट भारत का

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

भारत का पासपोर्ट दुनिया में दूसरा सबसे सस्ता पासपोर्ट हो चुका है, ऐसा एक स्टडी में पाया गया है। नतीजों में कहा गया है कि भारत का पासपोर्ट दूसरा सबसे सस्ता पासपोर्ट होने के साथ वैलिडिटी की सालभर की लागत के हिसाब से यह दुनिया का सबसे सस्ता पासपोर्ट है। स्टडी में यूएई का पासपोर्ट शीर्ष पर रहा है। ऑस्ट्रेलियाई फर्म ने स्टडी में विभिन्न देशों के पासपोर्ट की लागत को लेकर तुलना की है। स्टडी में पासपोर्ट की वैलिडिटी की हर साल लागत की भी तुलना की गई है, इसमें यह तुलना भी शामिल है कि किसी देश के पासपोर्ट का इस्तेमाल कर कितने देशों में वीजा फ्री एंट्री



मिल सकती है। ऑस्ट्रेलियाई फर्म की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, 10 साल की वैलिडिटी के लिए भारतीय पासपोर्ट की कीमत 18.07 डॉलर (1,505 रुपये) है, जबकि यूएई 5 साल के पासपोर्ट के लिए 17.70 डॉलर (1,474 रुपये) का शुल्क लेता है।

## राकांपा ने शपथपत्र के नाम से जारी किया मेनिफेस्टो

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी- शरद चंद्र पवार (एनसीपी-एससीपी) ने आज अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। घोषणापत्र में महिला सुरक्षा के लिए काम करने का वादा किया गया है। साथ में घोषणापत्र में एलपीजी सिलेंडर की कीमत कम करने का भी वादा किया गया है। , पार्टी ने अपने घोषणापत्र का नाम शपथ पत्र रखा है। पार्टी नेता जयंत पाटिल ने कहा, हम आज अपना घोषणापत्र जारी कर रहे हैं। घोषणापत्र में जो मुद्दे शामिल हैं, हमारे नेता इन मुद्दों को संसद में उठाएंगे। हमारा घोषणापत्र 'शपथ पत्र' है। महंगाई बढ़ रही है, किसान परेशान हैं और बेरोजगारी चरम पर है। इस बीच, शरद पवार ने अमित शाह के किसानों की आत्महत्या को लेकर दिए गए बयान पर पलटवार किया।

## ईडी का हलफनामा, केजरी की गिरफ्तारी सही ठहराई

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की एक याचिका का विरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया है। उसने हलफनामे में दिल्ली की आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में केजरीवाल को मुख्य साजिशकर्ता बताया है। साथ ही केंद्रीय एजेंसी ने आरोप लगाया है कि



कई समन जारी किए जाने के बावजूद उन्होंने सहयोग नहीं किया है। ईडी ने गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका का विरोध करते हुए कहा है कि केजरीवाल ने दिल्ली सरकार के मंत्रियों, आप नेताओं और अन्य लोगों की मिलीभगत से धन शोधन के अपराध को अंजाम देने में प्रमुख भूमिका निभाई है।

## ओएचई वायर टूटने से बीना झांसी रेल ट्रेक जाम

### कई यात्री गाड़ी फंसी

**बीना, एजेंसी।**

देर रात झांसी रेलवे ट्रैक पर धौर्रा और जाखलोन रेलवे स्टेशन के बीच एक इंजन के पेंटो में फंसकर ओएचई वायर टूटने से ओएचई टूटने से बीना, झांसी की ओर आने



जाने वाली 20 से अधिक ट्रेनें लेट हो गई और यात्री अब तक परेशान हैं। जानकारी के अनुसार बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात तीन बजे के आसपास खजुराहो-आंबेडकर नगर एक्सप्रेस के निकलने के दौरान पेंटो से ओएचई (ओवर हेड एक्सटेंशन) लाइन का तार टूटने से अप-डाउन की करीब डेढ़ दर्जन से ज्यादा ट्रेनें प्रभावित हुईं। सभी यात्री ट्रेनें करीब पांच से 10 घंटे लेट चल रही हैं। इन ट्रेनों को अन्य रेलवे स्टेशनों पर खड़ा कर दिया गया। अब ट्रेनों को रोक-रोककर आगे बढ़ाया जा रहा है। ओएचई लाइन का तार टूटने से झांसी से बीना आने वाली कई ट्रेनें पांच से दस घंटे लेट चल रही हैं। कई ट्रेनों को छोटे रेलवे स्टेशनों पर खड़ा रखा गया है। जो ट्रेन प्रभावित हुई हैं उनमें 6 सचखंड एक्सप्रेस, झेलम, केरला एक्सप्रेस, हजरत निजामुद्दीन-रानी कमलापति, तुलसी एक्सप्रेस, कर्नाटक एक्सप्रेस, मालवा, हजरत निजामुद्दीन-सिकंदराबाद, तिरुवनंतपुरम, समता आदि हैं। उल्लेखनीय है कि बीना-झांसी रेलवे ट्रैक पर जीरोन -जाखलोन के बीच में चार दिन पहले भी अचानक से ऑटोमैटिक ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई थी, जिससे बीना से ललितपुर और झांसी जाने वाली कई ट्रेनें लेट हो गई थी। ढाई घंटे में उसे दुरुस्त किया जा सका था।

## सियासत

### मेनिफेस्टो से फिर भटक रहा लोकसभा चुनाव?

# नेपथ्य में विकास, दोनों के पास अय्यर व अंकल सैम


सात साल पहले गुजरात के विधानसभा चुनाव में एक जुमला चला था- *विकास गांडो थयो छे !* यानि विकास पागल हो गया है। इस बार भी लोकसभा चुनाव में विकास सबसे बड़ा किरदार था, लेकिन पहले दौर के मतदान के बाद विकास का मुद्दा बेपटरी लगता है, अब उन मुददों को पटरी पर दौड़ाने की कोशिश है, जो कहीं कथ्यात्मक हैं तो कहीं तथ्यात्मक। हालांकि हर राजनीतिक दल को आजादी है कि वह जीतने के लिए मुद्दों को पैदा करे, इस कड़ी में अक्सर मतदाता को भीतर से आंदोलित या आक्रोशित अथवा आशंकित किया जाता रहा है।



**अर्थात्**
**आशीष दुबे**

तो क्या यह माना जाए कि चुनाव यदि विकास पर जीते जाते तो यह आम चुनाव भी मेनिफेस्टो से छिटकता व 'बिगड़ता' नहीं? पहले चरण के मतदान आंकड़ों के बाद अचानक कतिपय आशंकाओं से लबरेज मुददे विकास की जगह नहीं लेते? अब विकास का मॉडल छोटा और डर का अदृश्य साया बड़े मुद्दे की तरह सामने है। समाज के सभी वर्गों के सामने डर परोसा जा रहा है, दोनों तरफ से ! यह सत्ताधारी दल की तो मजबूरी भी हो सकती है, क्योंकि आर्थिक सुधार के तमाम साकार प्रयासों के बाद 90 के दशक में कांग्रेस की नरसिंहराव सरकार सत्ता से जाती रही, फिर अटलबिहारी वाजपेयी की भाजपा सरकार विकास के फील गुड व शाइनिंग इंडिया के बखान के बावजूद हार गई। कांग्रेस की





मनमोहन सरकार भी अपने सुधारों और नए इंफ्रास्ट्रक्चर, सोशल इंजीनियरिंग के दावों के बावजूद सत्ता के बाहर ऐसी बैठी कि अब तक 'उठ' न सकी। इस बार भाजपा-सरकार अपने विकास के रिपोर्टकार्ड के साथ नमूदार थी, लेकिन पहले चरण के 61 फीसद मतदान के बाद उन नए मुद्दों से लैस नजर आती है, जिसमें समाज को 'सतर्क' किए जाने का पुट है। माना जा रहा है कि इसके जरिए भाजपा अपने हार्डकोर वोटर्स व संघ से जुड़े शत प्रतिशत मतदाताओं को बूथ तक लाना चाहती है।

बहरहाल इन उलटबांसियों के बीच सवाल यह है कि क्या कांग्रेस के सैम पित्रोदा इस चुनाव के नए मणिशंकर अय्यर हैं। अय्यर के एक बयान ने कांग्रेस को पटरी से उतार दिया था। वैसे, कुछ दिन पहले तक भाजपा के भी कई 'अय्यर' संविधान पर ज्ञान परोसकर पार्टी को मुश्किल में डाले हुए थे। इससे उबरने हेतु भाजपा स्टार प्रचारक कांग्रेस मेनिफेस्टो के वादों को वर्ड-प्ले व आशंका की पैकेजिंग में परोस रहे थे। अब पित्रोदा ने अमेरिका के विरासत टैक्स पर कुछ ज्यादा ही बौध्दिक फलसफा परोसकर सबसे बड़ी चुनाव मशीन भाजपा को सीधे हावी होने का मौका दिया है। पहला चरण विकास का तो दूसरा डर और विरासत टैक्स का टेस्टिंग ट्रेक है। लिहाजा दूसरे चरण में 12 राज्यों की 88 संसदीय सीटों पर मतदान प्रतिशत तय करेगा कि बाकी चरणों के मुददे क्या होंगे। भाजपा ने तो तोपखाना खोल दिया है, कांग्रेस के तोपखाने पर निगाहें हैं। अगर पित्रोदा भाजपा के 'काम' आ गए तो कांग्रेस गुजरात की तर्ज पर यह नहीं बोल सकेगी कि *'मारा हाला छेतरी गया'* यानि मेरे साथ धोखाधड़ी हुई !

## वायुसेना का विमान क्रेश हुआ

**जैसलमेर एजेंसी।** राजस्थान के जैसलमेर में आज भारतीय वायुसेना का यूएवी विमान क्रैश हो गया। बताया जा रहा है कि ये हादसा तकनीकी खराबी की वजह से हुआ है। विमान अपनी नियमित उड़ान पर था। इस हादसे में किसी तरह के जान और माल के नुकसान की खबर नहीं है। हादसा जैसलमेर के पिथला क्षेत्र में हुआ है।खबरं के अनुसार ये विमान सीमावर्ती इलाकों पर निगरानी कर रहा था। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि यह टोही विमान हो सकता है। इस घटना के प्रत्यक्षदर्शी का कहना है कि हम ट्यूबवेल पर बैठे थे तभी यह विमान जा गिरा। विमान के क्रैश



होने के बाद उसमें जबरदस्त आग लग गई, जिससे वह जलकर खाक हो गया। भारतीय वायुसेना के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।



# चार सौ पार के नारे के बीच मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीती रात भोपाल में भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा के समर्थन में रोड शो किया। मोदी जी ने मालवीय नगर स्थित तिराहे से खुले रथ पर सवार होकर मेजर नानके पेट्रोल पंप तिराहा तक जनता का अभिवादन किया और पार्टी प्रत्याशी के लिए आशीर्वाद मांगा। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता चार सौ पार के नारों की तख्तियां लिये खड़े रहे।

### शिवराज ने लीं हरदा होशंगाबाद में सभा

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हरदा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा में सहभागिता की। उनहोंने होशंगाबाद लोकसभा प्रत्याशी दर्शन सिंह चौहान के समर्थन में सिवनी-मालवा और विदिशा संसदीय क्षेत्र के ग्राम पिपलिया नानकर में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पूर्व सीएम ने कहा कि, हम भारतीय जनता पार्टी में इसलिए हैं कि, देश और अपनी जनता की सेवा कर सकें। मेरे लिए तो जनता की सेवा ही भगवान की पूजा है। कांग्रेस के नेता सैम पित्रोदा कह रहे हैं कि, जब अमेरिका में किसी का निधन होता है तो उसकी संपत्ति का एक हिस्सा परिवार को जाता है, बाकी सरकार ही रख लेती है। कांग्रेस के इरादे क्या हैं, ये आ गए तो तुम्हारे खेत, मकान, दुकान भी सुरक्षित नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा कि, राहुल गांधी ये भारत है, अमेरिका नहीं है

### भाजपा नेताओं के आज सघन दौरे

लोकसभा चुनाव की दृष्टि से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदेश के विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों के प्रवास पर रहेंगे। आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर, रतलाम, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा मुरैना, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान विदिशा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल खरगौन, लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह धार, वरिष्ठ नेता व न्यू ज्वाइनिंग टोली के प्रदेश संयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे।

### शो मैन हो गए हैं पीएम: कांग्रेस

मप्र कांग्रेस चीफ जीतू पटवारी,विवेक तंखा व मुकेश नायक ने प्रधानमंत्री के की जनता से किए गए वादों पर प्रश्न किए हैं। पटवारी ने कहा कि देश में कथित अमृतकाल चल रहा है एवम इसमें संविधान, बाबासाहब अंबेडकर के विचार, वोट का अधिकार एवं मीडिया की आजादी बचाने की लड़ाई चल रही है। मोदी के शासनकाल में 17 सरकारें गिराई गई, 500 से ज्यादा विधायक एवं कई सांसद इधर उधर हुए। जैसे शराब माफिया,भू माफिया, शिक्षा माफिया होते हैं वैसे ही भाजपा अब सरकार माफिया बन गई है। रोड शो करने वाले पीएम शोमैन हो गए हैं। वे बताएं की चुनाव बाद लाडली बहना योजना में तीन हजार प्रतिमाह की मोदी की गारंटी के लिए क्या किया जा रहा है? सरकार यह पैसा कब से देना शुरू करेगी?

### आयोग को 'सी-विजिल एप' पर उल्लंघन की मिली 3 हजार 757 शिकायतें

# ग्वालियर व सागर के लोग चाहते हैं ज्यादा पारदर्शिता, लिहाजा शिकायत में सबसे आगे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** पारदर्शी चुनाव को लेकर ग्वालियर और सागर लोकसभा क्षेत्र के मतदाता सबसे जागरूक है। इन्होंने चुनाव आयोग को सी विजिल एप पर सर्वाधिक शिकायत की है। वही कुछ लोकसभा से तो नाम मात्र की शिकायत आई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुमप राजन ने बताया है कि प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। नागरिकों से 'सी-विजिल एप' पर आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। 'सी-विजिल एप' पर 16 मार्च से 23 अप्रैल तक आचरण संहिता उल्लंघन की 3 हजार 757 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इन सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण कर दिया गया है।




### ग्वालियर में 381 तो सागर में 295 शिकायतें

आयोग से मिली जानकारी के अनुसार ग्वालियर में 381, सागर में 295, उज्जैन में 257, दमोह में 224, मुरैना में 184, राजगढ़ में 177, रीवा में 166, इंदौर में 159, सीहोर में 119, खरगौन में 112, नरसिंहपुर में 109, कटनी में 106 और सतना जिले में 104 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। प्रदेश के अन्य जिलों से भी इस प्रकार की शिकायतें मिली हैं। आयोग ने नागरिकों से आग्रह किया है कि यदि वे निर्वाचन में आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी प्रकार की सीधी शिकायत करना चाहते हैं, तो वे 'सी-विजिल एप' से कर सकते हैं। इसके लिए संबंधित नागरिक को गूगल प्ले स्टोर पर जाकर 'सी-विजिल एप' डाउनलोड करना होगा।

### 100 मिनट में एक्शन

उल्लंघन से जुड़ी किसी भी घटना की जानकारी होने पर फोटो या वीडियो 'सी-विजिल एप' पर अपलोड करना होगा। शिकायत मिलने पर अगले 100 मिनट में कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि आयोग द्वारा आदर्श निर्वाचन आचरण संहिता के उल्लंघन वाली शिकायतों के निवारण के लिए 'सी-विजिल एप' तैयार किया गया है। इस एप के जरिए व्यक्ति राजनैतिक दलों या प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए किसी भी तरह से धन, सामग्री, कपड़े, जेवरात आदि का वितरण करने, मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए धमकाने, मतदाताओं को स्वयं के वाहन से लाने-ले जाने, किसी भवन स्वामी की अनुमति के बिना उसके भवन या दीवारों या परिसर पर चुनाव प्रचार सामग्री चस्पा करने, लगाने या दीवार पर चुनावी विज्ञापन लिखवाने सहित अन्य प्रकार की शिकायतें कर सकते हैं।

# यूआईटी आरजीपीवी: टेक्नोफिलिक स्टूडेंट्स क्लब का तीन दिवसीय 'विजयपथ' हुआ शुरू

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

यूआईटी आरजीपीवी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के टेक्नोफिलिक स्टूडेंट्स क्लब द्वारा 3 दिवसीय अंतर महाविद्यालयीन कार्यक्रम ÷विजयपथ÷ का शुभारंभ हो गया है। इसका आयोजन 26 अप्रैल तक विश्वविद्यालय परिसर में किया जा रहा है। जिसमे 10 तकनीकी शिक्षा संस्थानों के 700 विद्यार्थी सिविल इंजीनियरिंग विषय से जु? टेक्निकल इवेंट, खेलकूद एवं सांस्कृतिक स्पर्धाओं में भाग ले रहे हैं। विजयपथ आयोजन के अंतर्गत खेलकूद स्पर्धा में बैडमिंटन, कैरम, शतरंज, टेबल-टेनिस, रस्साकशी एवं खजाने की खोज प्रतिस्पर्धा होगी। टेक्निकल इवेंट्स के अंतर्गत ऑटोकैड प्रतियोगिता, क्विज, पोस्टर-मेकिंग, मॉडल प्रस्तुति एवं कंटेंट राइटिंग स्पर्धा का आयोजन होगा साथ ही सांस्कृतिक गतिविधियों में नृत्य, गायन और ओपन माइक प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। हाविद्यालयीन स्पर्धा के उद्घाटन सत्र के अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. रूपम गुप्ता, विनेकल नेटवर्क के संस्थापक आकाश श्रीवास्तव, शुभम त्रेहान तथा मेड-ईजी के विजय तिवारी के अलावा विश्वविद्यालय के प्रो. एससी चैबे, प्रो, सलीम अख्तर एवं प्रो. अमित विश्वकर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. रूपम गुप्ता ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों में सहभाग करने से व्यक्तित्व का समग्र विकास होता है, स्वस्थ-प्रतिस्पर्धा जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण लाती है।

# 'आज हर क्षेत्र में क्वालिटी एक महत्वपूर्ण पैमाना बन गया'

### क्वालिटी एश्योरेंस ऑफीसर ने किया निटर के लैब्स एवं विभिन्न विभागों का भ्रमण

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) में रक्षा मंत्रालय के गुणता आश्वासन महानिदेशालय की भोपाल यूनिट के क्वालिटी एश्योरेंस ऑफीसर कैप्टन डॉ. ओ पी शर्मा ने परस्पर सहयोग के लिए निटर भोपाल के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की लैब्स एवं विभिन्न विभागों को भ्रमण किया। इस अवसर पर निटर निदेशक प्रो. सी.सी. त्रिपाठी ने कहा की आज हर क्षेत्र में क्वालिटी एक महत्वपूर्ण पैमाना बन गया है। आज इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी और संबंधित विषयों के स्टूडेंट्स एवं कार्य करने वाले सभी लोगों को क्वालिटी स्टैंडर्ड्स की जानकारी आवश्यक है। निटर भोपाल इस दिशा में प्रयास कर रहा है। आज किसी को भी गुणवत्ता से समझौता करने की कोई आवश्यकता या बाध्यता नहीं है। 'चलता है' अब नहीं चलेगा। निटर भोपाल मिनिस्ट्री ऑफ डिफेन्स के साथ किसी भी रूप में कार्य करने पर अपने आपको गौरवान्वित महसूस करेगा।

### टेक्नोक्रेट्स इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने किया अमेरिकी दूतावास का भ्रमण

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

टेक्नोक्रेट्स इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों का एक समूह हाल ही में अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास के सहयोग से आयोजित एक रोमांचक शैक्षिक भ्रमण से लौटा है। यह दौरा ब्रेंडा सोया, पब्लिक डिप्लोमेसी ऑफिसर और अलमित्रा किका, पब्लिक डिप्लोमेसी स्पेशलिस्ट द्वारा स्कूल की यात्रा का परिणाम था, इस दौरान छात्रों को दोस्ती हाउस आने का निमंत्रण दिया। प्रधानाचार्य के नेतृत्व में स्कूल प्रबंधन ने इस समृद्ध अनुभव पर छात्रों का साथ दिया। दौरे का मुख्य आकर्षण मुंबई में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के पुस्तकालय दोस्ती हाउस में वृत्तचित्र अर्थ इमरजेंसी की स्क्रीनिंग थी।

**मेट्रो एंकर** | **एमपी बोर्ड की 10वीं 12वीं के परिणाम**

# इस बार भी छात्राएं आगे निकली, मुरैना व नरसिंहपुर अव्वल, सरकारी स्कूल पिछड़े

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने कक्षा दसवीं और बारहवीं का परीक्षा परिणाम जारी कर दिए हैं। दोनों कक्षाओं में इस बार भी छात्राएं आगे रही हैं। 10वीं में 54.35 प्रतिशत रेगुलर छात्र और 61.88 प्रतिशत रेगुलर छात्राएं पास हई हैं। वहीं कक्षा 12वीं में 60.55 प्रतिशत रेगुलर छात्र और 68.43 प्रतिशत रेगुलर छात्राएं पास हुई हैं। वहीं जिलों के मामले में इस बार 10वीं में मुरैना का सबसे बेहतर 52.16 प्रतिशत परिणाम रहा है। दूसरे नंबर पर श्योपुर और भिंड है। सिवनी, बालाघाट सबसे पीछे हैं। वहीं 12वीं में 81.53 प्रतिशत परिणाम के साथ नरसिंहपुर जिला अव्वल है। नीमच दूसरे और इंदौर तीसरे नंबर पर रहा है। भिंड, दमोह सूची में सबसे नीचे हैं। सरकारी स्कूलों के मुकाबले दोनो कक्षाओं में निजी स्कूलों का बेहतर प्रदर्शन रहा है। हालांकि इसमें ज्यादा ब?ा अंतर नहीं है। कक्षा 10वीं में सरकारी स्कूलों स्कूलों का उत्तीर्ण प्रतिशत 56.32 और निजी स्कूलों का उत्तीर्ण प्रतिशत 6095 रहा है। वहीं कक्षा 12वीं में सरकारी स्कूलों का उत्तीर्ण प्रतिशत 63.27 और निजी स्कूलों का उत्तीर्ण प्रतिशत 66.27 रहा है।



**10वीं में 5.19 प्रतिशत की गिरावट, 12वीं में 9.21 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी:** पिछले वर्ष के मुकाबले रेगुलर स्टूडेंट में कक्षा दसवीं के रिजल्ट में 5.19 प्रतिशत की कमी आई है, वहीं बारहवीं के रिजल्ट में 9.21 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। कक्षा 10वीं में 58.10 प्रतिशत रेगुलर और 13.26 प्रतिशत प्राइवेट स्टूडेंट पास हुए हैं। वहीं 12वीं में 64.49 प्रतिशत रेगुलर और 22.46 प्रतिशत प्राइवेट स्टूडेंट पास हुए हैं। वहीं प्राइवेट स्टूडेंट की बात करें तो यहां कक्षा दसवीं के रिजल्ट में 3.85 प्रतिशत की गिरावट आई है और कक्षा बारहवीं में 4.31 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

**मेरिट लिस्ट में भी आई कमी:** इस बार कक्षा दसवीं की मेरिट सूची में 45 और कक्षा बारहवीं की मेरिट सूची में 85 विद्यार्थियों ने जगह बनाई है। बारहवीं में आर्ट में 24, गणित में 45, जीव विज्ञान में 29, वाणिज्य में 23, कृषि में 8, ललित कला और गृहविज्ञान में 3 स्टूडेंट ने स्थान हासिल किया है। हालांकि पिछले साल के मुकाबले इस बार सूची में भी स्टूडेंट की संख्या में कमी आई है। पिछली बार कक्षा दसवीं में 150 और बारहवीं में 98 विद्यार्थियों को मेरिट सूची में शामिल किया गया।

**विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का परिणाम 40.29 प्रतिशत:** कक्षा दसवीं में शामिल मानसिक विकलांग, नेत्रहीन एवं मूक बधिर विद्यार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 40.29 प्रतिशत रहा है। इसमें छात्रों का उम्मीर्ण प्रतिशत 41.69 और छात्राओं का 37.86 प्रतिशत परिणाम रहा है। वहीं कक्षा बारहवीं में छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 51.01 और छात्राओं का परिणाम 53.54 प्रतिशत रहा है। इस प्रकार की श्रेणी के 51.95 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

**10वीं में 3.5 लाख स्टूडेंट प्रथम श्रेणी:** कक्षा दसवीं में इस वर्ष रेगुलर और प्राइवेट परीक्षार्थियों के लिए प्रदेश में कुल 3868 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। रेगुलर परीक्षार्थियों के रूप में 821086 स्टूडेंट और प्राइवेट 150413 स्टूडेंट शामिल हुए थे। परीक्षा में कुल 65 नकल प्रकरण दर्ज किए गए थे। 821086 स्टूडेंट के परिणाम जारी किए गए हैं। इनमें से 305067 स्टूडेंट प्रथम श्रेणी, 169863 स्टूडेंट द्वितीय श्रेणी और 2145 स्टूडेंट तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। यानि 477075 विद्यार्थी परीक्षा में सफल हुए हैं। जिनका परीक्षाफल 58.10 प्रतिशत रहा है। 1 लाख 391 स्टूडेंट को सप्लीमेंट्री आई है। वहीं बारहवीं में इस वर्ष रेगुलर और प्राइवेट परीक्षार्थियों के लिए प्रदेश में कुल 3638 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। यहां रेगुलर परीक्षार्थियों के रूप में 624140 स्टूडेंट और प्राइवेट 111416 स्टूडेंट शामिल हुए थे। परीक्षा में कुल 134 नकल प्रकरण दर्ज किए गए थे। 623341 स्टूडेंट के परिणाम जारी किए गए हैं। इनमें से 292799 स्टूडेंट प्रथम श्रेणी, 109268 स्टूडेंट द्वितीय श्रेणी और 422 स्टूडेंट तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। यानि 402489 विद्यार्थी परीक्षा में सफल हुए हैं। जिनका परीक्षाफल 64.49 प्रतिशत रहा है। 88369 स्टूडेंट को सप्लीमेंट्री आई है।



## संपादकीय

# मजबूत उपायों से ही निवेश की राह

सरकार आर्थिक वृद्धि के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर नए सिरे से जोर देने के लिए तैयार नजर आ रही है। वजह यह कि वह विश्व बैंक के नए बिजनेस रेडी सूचकांक के लिए तैयारी में है,जो बंद हो चुके कारोबारी सुगमता सूचकांक का स्थान लेगा। बी-रेडी सूचकांक का लक्ष्य 180 देशों को शामिल करने का है और इसे सितंबर 2025 में शुरू किया जाना है। भारत में इसका सर्वे वर्ष की दूसरी छमाही में होगा। आकलन किया जा रहा है कि बी-रेडी की प्रश्नावली में शामिल प्रश्नों के लिहाज से हालात कैसे हैं। व्यापक स्तर पर देखें तो कुछ बी-रेडी संबद्ध सूचकांकों को राज्यों की कारोबारी सुधार कार्य योजना में शामिल करने की योजना है। यह एक स्वस्थ और सक्रियता भरा रुख है जिसकी मदद से कारोबारी सुगमता की दिक्कतों को हल किया जा सकता है। हालांकि ऐपल अपवाद है जिसके लिए सरकार की प्रोत्साहन से संबद्ध प्रोत्साहन योजना में कुछ अपेक्षित बदलाव किए गए। उसके अलावा इस बात के बहुत कम प्रमाण हैं कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने देश में विनिर्माण के बड़े केंद्र स्थापित किए हों। चीन प्लस वन की रणनीति के कारण देश में विनिर्माण बढ़ना अपेक्षित है लेकिन अभी यह फलीभूत नहीं हुआ है। ऐपल के दो वेंडर विस्ट्रॉन और पेगाट्रॉन ने भारत से दूरी बना ली है। बावजूद कहा जा रहा है कि आईफोन बनाने वाली पेगाट्रॉन का निर्णय वैश्विक स्तर पर ऐपल के कारोबार से दूरी बनाने का हिस्सा है विस्ट्रॉन का बाहर जाना आपूर्ति श्रृंखला और श्रम नीतियों की दिक्कतों को दर्शाता है। भारत के विनिर्माण क्षेत्र में ये दोनों दिक्कतें लंबे समय से हैं। नीतिगत डिजाइन और निवेशकों की अपेक्षाओं ने भी परियोजनाओं को प्रभावित किया है। वियतनाम की इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी विनफास्ट के तमिलनाडु के तूत्तुकोडि में दो अरब डॉलर के निवेश को लेकर बनी अनिश्चितता इसका उदाहरण है। कंपनी को लग रहा है कि उसने जो सब्सिडी चाही थी वह उसके विनिर्माण शुरू करने तक समाप्त हो जाएगी। सरकार ने कहा है कि ये तभी हासिल होगी जब नीति लागू होगी। इस तरह की नीतिगत अनिश्चितता अक्सर सूचकांकों में नहीं नजर आती है। पांच वर्ष पहले दिवालिया संहिता लागू करने के बाद भारत को सूचकांक में 14 अंकों की उछाल मिली, क्योंकि माना गया कि इससे कारोबारों से बाहर निकलना आसान होगा। परंतु कारोबारी सुगमता से जुड़ी वास्तविक दिक्कतों पर कोई असर नहीं हुआ। जानकारों ने बहुत पहले कारोबारी सुगमता सूचकांक को लेकर इसे रेखांकित किया था। आखिरकार वर्ष 2021 में इससे छेड़छाड़ के आरोपों के बीच विश्व बैंक को इसे बंद करना पड़ा था। विश्व बैंक का कहना है कि बी-रेडी सूचकांक का कहीं अधिक व्यापक कारकों से वास्ता होगा, खासकर निजी क्षेत्र में और वह कारोबारी सुगमता मानकों से आगे जाकर गुणात्मक आकलन मसलन नियामकीय गुणवत्ता, कर्मचारियों और माहौल को शामिल करेगा। जहां तक भारत की बात है जानकार मान रहे हैं कि ऐसी अर्थव्यवस्था नजर आ सकती है जहां लाइसेंस राज की छाया निवेश और आर्थिक गतिविधियों पर हो। अभी संरक्षणवाद और उदारवाद के बीच झूलने के कारण विश्व की बड़ी कंपनियों को स्थिरता का संकेत नहीं मिलता है। लिहाजा एक विश्वसनीय निवेश केंद्र बनने के लिए भारत को राज्य और केंद्र स्तर पर अपनी नीतियों को सुसंगत बनाते हुए राजनीतिक व नीतिगत भंवर से बचाए रखना होगा।

घर के अंदर जी भर के रो लो, पर दरवाजा हंस कर ही खोलो।

# बड़ी नदियों के लिए जरूरी हैं छोटी नदियां डराने वाले हैं केंद्रीय जल आयोग के आंकड़े

■ पंकज चतुर्वेदी

केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) की ओर से जारी आंकड़ों के विश्लेषण के बाद यह बात सामने आ रही है कि हमारी नदियां तेजी से सूख रही हैं। नदियों में जल भरने लायक बरसात होने में अभी कम से कम सौ दिन हैं। चिंता की बात यह है कि बर्फ से ढंके हिमालय से निकलने वाली नदियों- गंगा-यमुना के जल-विस्तार क्षेत्र में सूखा अधिक गहराता जा रहा है। सरकार भी चिंतित है कि गंगा बेसिन के 11 राज्यों के लगभग 2,86,000 गांवों में पानी की उपलब्धता धीरे-धीरे घट रही है। नदियों में घटता बहाव कोई अचानक नहीं आया है। यह साल-दर-साल घट रहा है। लेकिन नदी धार के कम होने का सारा दोष प्रकृति या जलवायु परिवर्तन पर डालना सही नहीं होगा।हमारे देश में 13 बड़े, 45 मध्यम और 55 लघु जलग्रहण क्षेत्र हैं। जलग्रहण क्षेत्र उस संपूर्ण इलाके को कहा जाता है, जहां से पानी बहकर नदियों में आता है। इसमें हिमखंड, सहायक नदियां, नाले आदि शामिल होते हैं। तीन नदियां-गंगा, सिंधु और ब्रह्मपुत्र हिमालय के हिमखंडों के पिघलने से निकलती हैं। इन सदानीरा नदियों को 'हिमालयी नदी' कहा जाता है। शेष पठारी नदी कहते हैं, जो मूलतः बरसात पर निर्भर होती हैं।



आंकड़ों के आधार पर हम पानी के मामले में पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा समृद्ध हैं, लेकिन पूरे पानी का कोई 85 फीसदी बारिश के तीन महीनों में समुद्र में चला जाता है और नदियां सूखी रह जाती हैं। जब छोटी नदियां थीं, तो इस पानी के बड़े हिस्से को अपने आंचल में संभाल कर रख लेती थीं। नदियों के सामने खड़े हो रहे इस संकट ने मानवता के लिए भी चेतावनी का बिगुल बजा दिया है। जाहिर है कि बगैर जल के जीवन की कल्पना संभव नहीं है। हमारी नदियों के सामने मूलतः तीन तरह के संकट हैं-पानी की कमी, मिट्टी का आधिक्य और प्रदूषण।

धरती के तापमान में हो रही बड़ोतरी के चलते मौसम में बदलाव हो रहा है, जिसके चलते या तो बारिश अनियमित हो रही है या फिर बेहद कम। ये सभी परिस्थितियां नदियों के लिए अस्तित्व का संकट पैदा कर रही हैं। सिंचाई व अन्य कार्यों के लिए नदियों के अधिक दोहन, बांध आदि के कारण नदियों के प्राकृतिक स्वरूपों के साथ छेड़छाड़ के चलते भी उनमें पानी कम हो रहा है। यदि उत्तराखंड के गड़वाल और कुमाऊं मंडलों की गैर हिमानी नदियों की दुर्गति पर गौर करें, तो समझ आ जाएगा कि आखिर गंगा बेसिन में जल संकट क्यों हैड़ अल्मोड़ा के जागेश्वर में गंगा का प्रवाह कभी 500 लीटर प्रति सेकंड था, जो आज महज 18 लीटर रह गया है। गैर हिमानी नदियां प्रायः झरनों या भूमिगत जल स्त्रोतों से उपजती हैं और साल भर इनमें पानी रहता है। जो विशाल गंगा मैदानी इलाकों में आती है, उसमें 80 फीसदी जल गैर-हिमानी नदियों से आता है और मात्र 20 फीसदी जल हिमनद से मिलता है।

अनुमान है कि आज भी देश में कोई 12 हजार ऐसी छोटी नदियां हैं, जो उपेक्षित हैं और उनके अस्तित्व पर खतरा है। 19वीं सदी तक बिहार (झारखंड सहित) में कोई छह हजार नदियां हिमालय से उतर कर आती थीं, आज इनमें से महज 400 से 600 का ही अस्तित्व बचा है। मधुबनी, सुपौल में बहने वाली तिलयुगा नदी कभी कोसी से भी विशाल हुआ करती थी, आज उसकी जलधारा सिमट कर कोसी की सहायक नदी के रूप में रह गई है। सीतामड़ी की लखनदेई नदी को तो सरकारी इमारतें ही चाट गईं। नदियों के इस तरह रूठने और उससे बाड़ व सूखा के दर्द की कहानी देश के हर जिले और कस्बे की है।

इन दिनों बिहार के 23 जिलों में बहने वाली 24 नदियां सूख कर सपाट मैदान हो गईं। इनमें से उत्तर बिहार की 16 और दक्षिण बिहार की आठ नदियां हैं। इन सभी नदियों की कुल लंबाई 2,986 किलोमीटर है। इसमें लगभग 670 किलोमीटर क्षेत्र में गाद भर गया है। अंधाधुंध रेत खनन, जमीन पर कब्जा, नदी के बाड़ क्षेत्र में स्थायी निर्माण ही छोटी नदियों के सबसे बड़े दुश्मन हैं। दुर्भाग्य से जिला स्तर पर कई छोटी नदियों का राजस्व रिकॉर्ड नहीं है, उन्हें नाला बता दिया जाता है। जिस साहिबी नदी पर शहर बसाने से हर साल गुरुग्राम डूबता है, अब उसका बहुत-सा रिकॉर्ड ही नहीं हैं।

वैसे तो हर नदी समाज, देश और धरती के लिए बहुत जरूरी है, लेकिन बड़ी नदियों से ज्यादा छोटी नदियों पर ध्यान देना अधिक जरूरी है। छोटी नदियों के मिलने से ही बड़ी नदियां बनती हैं। यदि छोटी नदियों में पानी कम होगा, तो बड़ी नदियां भी सूखी रहेंगी। यदि छोटी नदी में गंदगी या प्रदूषण होगा, तो वह बड़ी नदी को भी प्रभावित करेगा।

**– साभार**

## आज का इतिहास

- 1901 न्यूयॉर्क ऑटोमोबाइल लाइसेंस प्लेट लगाने वाला पहला अमेरिकी राज्य बन गया।
- 1905 दक्षिण अफ्रीका में अश्वेतों को मताधिकार
- 1915 प्रथम विश्व युद्ध- ऑस्ट्रेलियाई और न्यूजीलैंड सेना कोर ने अंजाक कोव को लॉन्च किया, जबकि ब्रिटिश और फ्रांसीसी सैनिक केप हेल्स में ओटोमन साम्राज्य में गैलीपोली प्रायद्वीप की मित्रता पर आक्रमण के लिए उतरे।
- 1925 पॉल वैन हिंडनबर्ग जर्मनी के राष्ट्रपति चुने गए।
- 1936 ओग्डेन के युद्ध में इटली की जीत हुई।
- 1945 जर्मन सेना उत्तरी फ़िनलैंड से पीछे हटी इससे लैपलैंड युद्ध बंद हुआ
- 1950 कम्युनिस्ट जासूस जूडिथ कॉप्पल का मुकदमा न्यूयॉर्क शहर में शुरू हुआ।
- 1953 न्यूक्लिक एसिड की आणविक संरचना को पहली बार आणविक जीवविज्ञानी जैम्स वॉटसन और फ्रांसिस क्रिक ने एक वैज्ञानिक हेलीकॉप्टर में प्रकाशित किया था, जिसमें डबल हेलिक्स रचनात्मक डीएनए की खोज का वर्णन किया गया था।
- 1954 बेल लैब्स ने न्यूयॉर्क में पहली सौर बैटरी बनाने की घोषणा की।
- 1957 सोडियम परमाणु रिएक्टर को सबसे पहले प्रायोगिक तौर पर संचालित किया गया था।
- 1960 अमेरिकी नौसेना की पनडुब्बी यूएसएस ट्राइटन ने दुनिया का पहला जलमग्न घेरा पूरा किया
- 1964 जेम्स बाल्डविन की ब्लूज़ फ़ॉर मिस्टर चार्ली का प्रीमियर न्यूयॉर्क शहर में किया गया।
- 1965 सोवियत संचार उपग्रह का प्रक्षेपण।
- 1981 जापान के सुरुगा में एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र में मरम्मत कार्य के दौरान 100 से अधिक कर्मचारी परमाणु विकिरण का शिकार हो गए।
- 1982 दिल्ली में टेलीविजन पर पहली बार रंगीन प्रसारण शुरू हुआ।
- 1986 स्वस्तिलैंड के राजा मस्वाती तृतीय को राज्याभिषेक किया गया, जो अपने पिता संभुजा द्वितीय के उत्तराधिकारी थे।
- 1989 न्यूयॉर्क में एक ड्रैग रेस आयोजित की गई. इस ड्रैग रेस में ल्यूक टायसन को टिकट मिला।
- 1990 शटल की खोज की गई. इसके द्वारा कक्षा में एक शटल स्पेस सेटलमेंट रखा गया।
- 1990 वायलेट चमोरो ने अमेरिका में निकारागुआ के राष्टपति के रूप में पद संभाला, जो स्वयं एक महिला थीं।
- 1992 चैंपियनशिप का एक टूर्नामेंट फायरस्टोन की दुनिया में आयोजित किया गया था। इस चैंपियनशिप में मार्क ले डोवेल ने चैंपियनशिप जीती।
- 1994 लेंका शेर्या में 46 बच्चों की मौत हो गई इसका कारण मछली पकड़ने की बीट है

## निशाना

### शुरू हुआ गुणगान !



आया समय चुनाव का ।
शुरू हुआ गुणगान ।।
है गिनाते जाना ।
किया क्या महान ।।
जाकर जनदरबार में ।
शीश है नवाना ।।
यही हमारा काम है ।
आप ने भी माना ।।
आगे थोड़ा कर लेंगे ।
और भी सुधार ।।
काम की गुणवत्ता ।
बची कई प्रकार ।।
होगा देना मौका ।
इस पर करें विचार ।।
कर रहे विरोधी पर ।
पहले से प्रहार ।।

- कृष्णेन्द्र राय

## कमाल की कारीगरी



पूर्वी क्रीमिया के केर्च प्रायद्वीप में चौथी शताब्दी ईसा पूर्व के समय का शाही कुर्गन। शाही कुरगन को प्राचीन वास्तुकला की उत्कृष्ट कृति और बोस्पोरन साम्राज्य के शासक का अंतिम विश्राम स्थल माना जाता है। केर्च को 2,600 साल पहले एक प्राचीन यूनानी उपनिवेश के रूप में स्थापित किया गया था।

# जंग अब विश्व में नहीं, हथियारों में लगे

■ ललित गर्ग

शांति के तमाम उपायों के बीच दुनियाभर में सैन्य खर्च, शस्त्रीकरण एवं घातक हथियारों की होड़ किसी खतरे की घंटी से कम नहीं। शस्त्रीकरण के भयावह दुष्परिणामाओं से समूचा विश्व भयाक्रांत है, हर पल आणविक हथियारों के प्रयोग को लेकर दुनिया डर के साये में जी रही है। इसीलिये आज अयुद्ध, निशस्त्रीकरण एवं शांति की आवाज चारों ओर से उठ रही है। शक्ति संतुलन के लिये शस्त्र-निर्माण एवं शस्त्र संग्रह की बात से किसी भी परिस्थिति में सहमत नहीं हुआ जा सकता। क्योंकि इससे अपव्यय हो होता ही है, साथ ही किसी भी गलत हाथों से दुरुपयोग होने की बहुत संभावनाएं रहती है। ताजा घटनाक्रम को देखें तो एक ओर रूस और यूक्रेन आमने-सामने हैं, वहीं दूसरी तरफ इजरायल और ईरान के बीच तल्खी भी चरम पर है। चीन और ताइवान के बीच भी रह-रह कर युद्ध के बदल मंडरा रहे हैं। ऐसे माहौल में यह सवाल भी गूंजना स्वाभाविक है कि क्या सचमुच दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की ओर बड़ते हुए घातक हथियारों के उपयोग की प्रयोगभूमि बन रही हैड़ सवाल दूसरे ओर भी हैं। स्टॉकहोम इन्टरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की हथियारों पर आयी ताजा रिपोर्ट ऐसे ही सवाल खड़े कर रही है। इसका संतोषजनक जवाब शायद ही मिले क्योंकि दुनिया सीधे-सीधे दो खेमों में बंट गई है।

स्टॉकहोम की रिपोर्ट के आंकड़े चौंकाने वाले ही नहीं, डराने वाले हैं। शांति के तमाम उपायों के बीच दुनियाभर में सैन्य खर्च का बड़ना एवं नये-नये हथियारों का बाजार गरम होना, चिन्ताजनक है। रिपोर्ट में खास बात यह है कि दुनिया में र्स्वाधिक सैन्य खर्च करने वाले देशों में भारत चौथे नंबर पर बरकरार है। शांति एवं अहिंसा की भूमि पर हथियारों का जमावड़ा उसकी कथनी एवं करनी के भेद को उजागर कर रहा है। ये सवाल स्वाभाविक है कि जब प्रत्येक देश शाांति बनाए रखने की वकालत करता है फिर हथियारों की होड़ लगातार क्यों बड़ रही हैड़ भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार ड़ड़आयातक देश बन चुका है। स्टॉकहोम की ओर से जारी रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। भारत ने बीते पांच साल में दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार खरीदे हैं। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि यूरोप का हथियार आयात 2014-18 की तुलना में 2019-23 में लगभग दोगुना बड़ा है, जिसके पीछे रूस-यूक्रेन युद्ध बड़ा कारण माना जा रहा है। वहीं, इसके अलावा पिछले पांच वर्षों में सबसे ज्यादा हथियार एशियाई देशों ने खरीदे हैं। इस लिस्ट में रूस-यूक्रेन का युद्ध देश के रक्षा निर्यात को काफी प्रभावित किया है। इस कारण से पहली बार रूस हथियार निर्यात में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। तो वहीं, अमेरिका पहले और फ्रांस दूसरे नंबर पर है। पिछले 25 सालों में पहली बार, संयुक्त राज्य अमेरिका एशिया और ओशिनिया का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता रहा। अमेरिका की हथियारों की होड़ एवं





तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। अब तो दुनिया के साथ-साथ अमेरिका स्वयं ही इन हथियारों एवं हिंसक मानसिकता का शिकार है। अमेरिका दुनिया पर आधिपत्य स्थापित करने एवं अपने शस्त्र कारोबार को पनपाने के लिये जिस अपसंस्कृति को उसने दुनिया में फैलाया है, उससे पूरी मानवता कराह रही है, पीड़ित है। अमेरिका ने नई विश्व व्यवस्था (न्यू वर्ल्ड आर्डर) की बात की है, खुलेपन की बात की है लगता है 'विश्वमानव' का दम घुट रहा है और घुटन से बाहर आना चाहता है। विडम्बना देखिये कि अमेरिका दुनिया का सबसे अधिक शक्तिशाली और सुरक्षित देश है लेकिन उसके नागरिक सबसे अधिक असुरक्षित और भयभीत नागरिक हैं। वहां की जेलों में आज जितने कैदी हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं। ऐसे कई वाकये हो चुके हैं कि किसी रेस्तरां, होटल या फिर जमावड़े पर अचानक किसी सिरफिरे ने गोलीबारी शुरू कर दी और बड़ी तादाद में लोग मारे गए। 2014 में अमेरिका में हत्या के कुल दर्ज करीब सवा चौदह हजार मामलों में अड़सठ फीसद में बंदूकों का इस्तेमाल किया गया था।

एक तरफ अमरीका और उसके सहयोगी नाटो देश हैं तो दूसरी तरफ रूस-चीन का गठजोड़ है। तटस्थ रहने वाले देश भी गाहे-बगाहे अप्रत्यक्ष रूप से किसी न किसी खेमे की तरफ झुकाव प्रदर्शित करते रहे हैं। ऐसे में आखिरी उम्मीद संयुक्त राष्ट ही रह जाता है। जबकि संयुक्त राष्ट्र की शक्तियां एवं उद्देश्य कोरे दिखावे के हैं, समूची दुनिया इससे वाकिफ है। वह ऐसे किसी भी संकट में शांति प्रस्ताव पारित कर अपनी जिम्मेदारियों से इतिश्री कर पला झाड़ लेता है। वह न तो रूस-यूक्रेन के संघर्ष में और न ही इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष रोकने में कोई सार्थक भूमिका अदा कर पा रहा है। उसके कड़े से कड़े फैसले भी आखिर में महाशक्तियों के वीटो के सामने हथियार डाल देते हैं। दूसरे विश्वयुद्ध के बाद अस्तित्व में आया संयुक्त राष्ट कहने को तो दुनिया के देशों का सबसे बड़ा मंच है पर युद्धों को रोकने में उसकी भूमिका नगण्य है। ऐसे में दुनिया में बड़ते हथियारों की होड़ एवं युद्ध की संभावनाओं को आखिर कौन-कैसे-किसको रोकेड़ जाहिर है, ऐसी परिस्थितियों में तो हथियारों की होड़ बड़ेगी ही। अमरीका एक तरफ युद्ध की तरफ बड़ रहे देशों से शांति की अपील करने में सबसे आगे रहता है। लेकिन दूसरी तरफ अमरीकी हथियार कंपनियां तमाम देशों को खरबों रुपए के हथियार बेच रहीं है। इन कंपनियों के लिए तो युद्धकाल ही स्वर्णकाल होता है। ऐसे दौर में जब अधिकांश देश शिक्षा, रोजगार व सेहत के मोर्चे पर संकटों का सामना कर रहे हैं, हथियारों की इस होड़ को रोका ही जाना चाहिए।

रूस एवं यूक्रेन के बीच लम्बे समय से चल रहा युद्ध भीषणतम तबाही एवं सर्वनाश का कारण बनता दिख रहा है। रूस द्वारा परमाणु हथियारों के इस्तेमाल किये जाने एवं यूक्रेन के द्वारा 'डर्टी बम' का इस्तेमाल किये जाने की धमकियां, दुनिया के लिये डर का कारण बन रही है। भयंकर विनाश की आशंकाओं के बीच समूची दुनिया सहमी हुई है। यदि परमाणु हथियारों का उपयोग होता है तो यह मानवता के मूलभूत सिद्धांतों के खिलाफ होगा एवं दुनिया को अशांति की ओर अग्रसर करने वाला होगा। अब परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का खतरा इसलिए बड़ गया है कि यूक्रेन को इतने लंबे समय से झुकता न देख रूस का अहं चोट खा रहा है। हालांकि परमाणु हथियारों के दुष्परिणामों से दोनों देश अनजान नहीं हैं। इस युद्ध को चलते लंबा वक्त हो गया। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने जैसा है। ऐसे युद्ध का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्टों को सदियों तक पीछे धकेल देगा, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने का भी बड़ा कारण बनेगा।

यूक्रेन और रूस में शांति का उजाला करने, अभय का वातावरण, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव करने के लिये भारत ने लगातार शांति प्रयास किये हैं। लेकिन प्रश्न है कि दुनिया को अहिंसा, अयुद्ध एवं शांति का सन्देश देने वाला भारत क्यों हथियारों की दोड़ में शामिल हैड़ मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध एवं हथियारों की विभीषिका से मुक्ति दिलाना आवश्यक है। युद्धरत देशों में शांति स्थापित कर, उन्हें अभय बनाकर, युद्ध-विराम करके विश्व को निर्भय बनाना चाहिए। निश्चय ही यह किसी एक देश या दूसरे देश की जीत नहीं बल्कि समूची मानव-जाति की जीत होगी। यथार्थ यह है कि अंधकार प्रकाश की ओर चलता है, पर अंधापन मृत्यु-विनाश की ओर। लेकिन रूस ने अपनी शक्ति एवं सामर्थ्य का अहसास एक गलत समय पर गलत उद्देश्य के लिये कराया है। इस युद्ध से होने वाली तबाही रूस-यूक्रेन की नहीं, बल्कि समूची दुनिया की तबाही होगी, क्योंकि रूस परमाणु विस्फोट करने को विवश होगा, जो दुनिया की बड़ी चिन्ता का सबब है। बड़े शक्तिसम्पन्न राष्टों को इस युद्ध को विराम देने के प्रयास करने चाहिए। लेकिन प्रश्न है कि जो देश हथियारों के निर्माता है, वे क्यों चाहेंगे कि युद्ध विराम हो। जब तक शक्तिसम्पन्न राष्टों की शस्त्रों के निर्माण एवं निर्यात की भूख शांत नहीं होती तब तक युद्ध की संभावनाएं मैदानों में, समुद्रों में, आकाश में तैरती रहेगी, इसलिये आवश्यकता इस बात की भी है कि जंग अब विश्व में नहीं, हथियारों में लगे।

**– साभार यह लेखक के विचार हैं।**

# सिवनी मालवा की जनता के बगैर दर्शन किए मेरा चुनाव अधूरा है : शिवराज



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

बुधवार की दोपहर में स्थानीय जय स्तंभ चौक पर भारतीय जनता पार्टी के होशंगाबाद नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र के लोकसभा प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी के समर्थन में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक आम सभा को संबोधित करते हुए कहा की मेरा चुनाव सिवनी मालवा की जनता जनार्दन के दर्शन किए बगैर अधूरा है। मैं आपके दर्शन करने आया हूं क्योंकि जनता ही मेरी भगवान है और मैं उसका पुजारी हूं आपके दर्शन के साथ-साथ उम्मीदवार दर्शन सिंह चौधरी के लिए भी निवेदन करने आया हूं। शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पार्टी को आडे हाथ लेते हुए जमकर बखिया उधेड़ी। कहा कि कांग्रेस पार्टी ने तो अयोध्या कार्यक्रम में भी जाने से इनकार किया एवं उन्होंने अयोध्या निमंत्रण कार्ड को भी स्वीकार नहीं किया लाडली बहन को लखपति



बनाने की बात भी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कही।उन्होंने कहा की भारतीय जनता पार्टी किसानों एवं महिलाओं के हित में अधिक से अधिक कार्य करेगी इसका भरोसा दिलाया। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता पूर्व विधायक ओम प्रकाश रघुवंशी के विषय में भी उन्होंने बात कही और कहा कि कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक ओमप्रकाश रघुवंशी ने भी बीजेपी ज्वाइन करी है एवं वह भी बीजेपी में शामिल हो गए हैं अब कांग्रेस में कुछ नहीं बचा है और मैं तो कहता हूं कि मतदान के पहले जो भी कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा में आते हैं तो उनका भी स्वागत है। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के विधायक और पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे

# मतदान सामग्री प्राप्ति के लिए दल ने लिया प्रशिक्षण



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

कल 26 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन संपन्न होना है मतदान समाप्त होने के पश्चात मतदान सामग्री औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नर्मदा पुरम में जमा होगी जिसके लिए सामग्री प्राप्ति दल को आईटी सेंटर सिवनी मालवा में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती सरोज सिंह परिहार तहसीलदार राकेश खजूरिया नायब तहसीलदार नितिन राय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण दल के समस्त सदस्य उपस्थिती में प्रशिक्षण में टेबल एक ,दो एवम तीन के अनुसार मतदान सामग्री प्राप्ति के बारे में बताया गया। समस्त सामग्री जमा होने के पश्चात पावती के बारे में भी बताया गया विधानसभा क्रमांक 136 सिवनी मालवा में सामग्री जमा करने के लिए 09 काउंटर बनाए गए हैं।

## सभी मतदाताओं से मतदान की अपील

# यह अधिकार एक अवसर है हमारे जीवन और विकास की दिशा के संबंध में निर्णय लेने का: कलेक्टर

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम सोनिया मीना ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे लोकसभा निर्वाचन के लिए 26 अप्रैल शुक्रवार को अपने मतदान केंद्र पर जाकर अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। उन्होंने जिले के सभी मतदाताओं से यह आग्रह है, कि वे निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से लोकतंत्र को सुदृढ एवं मजबूत बनाने के लिए निर्भय होकर बिना किसी प्रलोभन के मतदान केन्द्र पर जाकर अपने नैतिक मताधिकार का उपयोग अवश्य करें और लोकतंत्र के इस उत्सव में सहभागी बने। उन्होंने कहा है कि मताधिकार हमारा अमूल्य संवैधानिक अधिकार है जो कि हमें भारत का नागरिक बनाता है। यह अधिकार एक अवसर है हमारे जीवन और विकास की दिशा के संबंध में निर्णय लेने का।

कलेक्टर मीना ने समस्त मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा है कि नर्मदापुरम जिले के प्रिय भाइयों और बहनों 26 अप्रैल को होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र 17 में मतदान होगा इस संसदीय क्षेत्र में नर्मदापुरम जिले के साथ-साथ नरसिंहपुर जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र और रायसेन जिले का एक विधानसभा क्षेत्र सम्मिलित है। 26 अप्रैल को 2203 मतदान केंद्रों पर 15 हजार से भी ज्यादा मतदान कर्मी सुरक्षा कर्मी और अधिकारी तैनात रहेंगे ताकि शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न हो सके। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार गर्मी को देखते हुए हर मतदान केंद्र पर छाया पेयजल



और मेडिकल किट की व्यवस्था की गई है। समस्त वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। उन्होंने समस्त जिलेवासियों से अपील की है 26 अप्रैल को सभी काम छोड़कर सबसे पहले वोट दें और हमारे देश और लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान कर सहभागी बने।

## लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 लोकतंत्र का महापर्व कल

# 18 लाख 55 हजार 692 मतदाता करेंगे उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

**लोकसभा चुनाव 2024 के होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र के 8 विधानसभा क्षेत्रों में 26 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान किया जाएगा। इस संबंध में सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। मतदान से पूर्व प्रातः 5:30 बजे सभी मतदान केन्द्रों में मॉकपोल किया जाएगा। मतदान के लिए नर्मदापुरम जिले के अंतर्गत आने वाले चारों विधानसभा क्षेत्रों के बूथ के लिए सामग्री का वितरण 25 अप्रैल को अपने अपने निर्धारित स्थान से प्रातः 7:00 बजे से किया जाएगा लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद के लिए कुल 2203 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिसमें 119 विधानसभा क्षेत्र नरसिंहपुर अंतर्गत 258 मतदान केंद्र, 120 तेंदूखेड़ा अंतर्गत 222 मतदान केंद्र, 121 गाडरवारा अंतर्गत 228 मतदान केंद्र, एवं 140 उदयपुरा अंतर्गत 308 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं।**

## जिले में 1187 मतदान केंद्र पर होगा मतदान

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नर्मदापुरम जिले के लिए कुल 1187 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिसमें 136 सिवनीमालवा विधानसभा अंतर्गत 318 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। इसी प्रकार 137 होशंगाबाद विधानसभा अंतर्गत 238, 138 सोहागपुर विधानसभा अंतर्गत 314, 139 पिपरिया विधानसभा अंतर्गत 317 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं।

## जिले के कुल 950127 मतदाता, जिसमें 490730 पुरुष और 459360 महिला तथा 37 थर्ड जेंडर मतदाता

संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद अंतर्गत कुल आठ विधानसभा क्षेत्र जिसमें सिवनीमालवा होशंगाबाद सोहागपुर पिपरिया नरसिंहपुर तेंदूखेड़ा गाडरवारा एवं उदयपुर के 1855692 मतदाता मतदान करेंगे। इसमें विधानसभा क्षेत्र 119 नरसिंहपुर अंतर्गत 119544 पुरुष मतदाता 114452 महिला मतदाता एवं 5 थर्ड जेंडर मतदाता इस प्रकार कुल 234001 मतदाता मतदान करेंगे। इसी प्रकार 120 तेंदूखेड़ा अंतर्गत 98592 पुरुष, 91878 महिला 2 थर्ड जेंडर इस प्रकार 190472 कुल मतदाता, विधानसभा क्षेत्र 121 गाडरवारा अंतर्गत 111975 पुरुष 103423 महिला 4 थर्ड जेंडर इस प्रकार 215402 कुल मतदाता, 136 सिवनीमालवा अंतर्गत 128057 पुरुष 118775 महिला 9 थर्ड जेंडर इस प्रकार कुल 246841 कुल मतदाता, 137 होशंगाबाद अंतर्गत 113315 पुरुष मतदाता 110547 महिला मतदाता 16 थर्ड जेंडर इस प्रकार 223878 कुल मतदाता, 138 सोहागपुर अंतर्गत 128188 पुरुष 116350 महिला 7 थर्ड जेंडर इस प्रकार 244545 कुल मतदाता, 139 पिपरिया अंतर्गत 121170 पुरुष 113688 महिला 5 थर्ड जेंडर इस प्रकार 234863 कुल मतदाता, तथा 140 उदयपुर अंतर्गत 137812 पुरुष 127873 महिला 5 थर्ड जेंडर इस प्रकार कुल 265690 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

जिले में कुल पंजीकृत मतदाता 950127 है। जिसमें 490730 पुरुष मतदाता, 459360 महिला मतदाता एवं 37 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। जिले में 18 से 19 आयु वर्ग के कुल 33782 मतदाता पंजीकृत हैं। जिले में सर्वाधिक मतदाता प्रतिशत 30 से 39 आयु वर्ग के मतदाताओं का है जो कि कुल 239489 पंजीकृत मतदाता है।

17446 पीडब्ल्यूडी तथा 2470 सर्विस वोटर मतदाता



## लोकसभा चुनाव 2024

## प्रातः 7 बजे से सांय 6 बजे तक होगा मतदान

होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में कुल 17446 दिव्यांग तथा 2470 सर्विस वोटर हैं। जानकारी के अनुसार 119 नरसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 173 सर्विस वोटर है। इसी प्रकार 120 तेंदूखेड़ा में 74, 121 गडरवारा में 149, 140 उदयपुरा में 184 सर्विस वोटर्स हैं। वही जिले में 136 सिवनी मालवा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 551, 137 होशंगाबाद अंतर्गत 385, 138 सोहागपुर अंतर्गत 579, एवं 139 पिपरिया अंतर्गत 375 सर्विस वोटर्स हैं।

## संसदीय लोकसभा चुनाव क्षेत्र 17 होशंगाबाद में 80 प्लस आयु वर्ग के कुल 28803 मतदाता

संसदीय लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद अंतर्गत 80 प्लस आयु वर्ग के मतदाताओं की कुल संख्या 28803 है। इसमें 119 नरसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 4738 मतदाता, 120 तेंदूखेड़ा अंतर्गत 4251 मतदाता, 121 गाडरवारा अंतर्गत 4413 मतदाता, 140 उदयपुर अंतर्गत 3870 मतदाता है। जिले में 80 प्लस आयु वर्ग के मतदाताओं की कुल संख्या 11531 है इसमें 136 सिवनी मालवा अंतर्गत 324 137 होशंगाबाद अंतर्गत 2637 138 सोहागपुर अंतर्गत 2825, 139 पिपरिया अंतर्गत 2865 80 प्लस आयु वर्ग के मतदाता है।

संपूर्ण संसदीय क्षेत्र होशंगाबाद अंतर्गत कुल 17446 दिव्यांग मतदाता है जिसमें 119 नरसिंहपुर वि. स क्षेत्र अंतर्गत 1690 पुरूष 1333 महिला इस प्रकार कुल 3023 मतदाता, 120 तेंदूखेड़ा अंतर्गत 1346 पुरुष 1021 महिला इस प्रकार कुल 2367 मतदाता है, 121 गाडरवारा अंतर्गत 1366 पुरुष 1022 महिला इस प्रकार कुल 2388 मतदाता, 140 उदयपुरा अंतर्गत 1784 पुरुष 854 महिला इस प्रकार कुल 2638 दिव्यांग मतदाता हैं।

नर्मदापुरम जिले में 136 वि.स. क्षे सिवनिमालवा अंतर्गत 1743 पुरुष 938 महिला इस प्रकार कुल 2681 मतदाता, 137 होशंगाबाद अंतर्गत 1265 पुरुष 836 महिला इस प्रकार कुल 2101 मतदाता, 138 सोहागपुर अंतर्गत 1580 पुरुष 887 महिला इस प्रकार कुल 2467 मतदाता, 139 पिपरिया अंतर्गत 1367 पुरुष 802 महिला इस प्रकार कुल 2169 दिव्यांग मतदाता हैं।

संसदीय लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद में 85 प्लस आयु वर्ग के कुल 11874 मतदाता शामिल है जिसमें 4431 पुरुष एवं 7443 महिला मतदाता है। संसदीय क्षेत्र 17 होशंगाबाद अंतर्गत 119 नरसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में 730 85 +पुरुष मतदाता एवं 1301 महिला मतदाता इस प्रकार कुल 2031 85 +मतदाता है इसी प्रकार 120 तेंदूखेड़ा में 685 पुरुष एवं 1190 महिला मतदाता इस प्रकार कुल 1875 मतदाता है 121 गाडरवारा में 677 पुरुष एवं 1185 महिला मतदाता इस प्रकार कुल 1862 मतदाता 140 उदयपुर अंतर्गत 50097 पुरुष मतदाता एवं 953 महिला मतदाता इस प्रकार कुल 1550 85 मतदाता है।वही नर्मदापुरम जिला अंतर्गत 136 सिवनीमालवा में 468 पुरुष मतदाता एवं 826 महिला मतदाता इस प्रकार कुल 1294 मतदाता 85 + आयु वर्ग के अंदर शामिल है। इसी प्रकार 137 होशंगाबाद अंतर्गत 396 पुरुष 554 महिला कुल 950 मतदाता, 138 सोहागपुर अंतर्गत 421 पुरुष 760 महिला इस प्रकार कुल 1181 मतदाता एवं 139 पिपरिया अंतर्गत 457 पुरुष 674 महिला इस प्रकार कुल 1131 मतदाता 85+ आयु वर्ग के हैं।

लोकसभा चुनाव 2024 अंतर्गत लोकसभा संसदीय क्षेत्र 17 होशंगाबाद के 18 से 19 आयु वर्ग के 61479 मतदाता मतदान करेंगे। जिसमें 119 नरसिंहपुर अंतर्गत 5817, 120 तेंदूखेड़ा अंतर्गत 4995 मतदाता, 121 गाडरवारा अंतर्गत 5644 मतदाता, 136 सिवनी मालवा अंतर्गत 9384 मतदाता, 137 होशंगाबाद अंतर्गत 6672 मतदाता, 138 सोहागपुर अंतर्गत 8577 मतदाता, 139 पिपरिया अंतर्गत 9149 मतदाता एवं 140 उदयपुर अंतर्गत 11241 युवा मतदाता लोकसभा निर्वाचन 2024 में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रत्येक मतदान दल के साथ पुलिस दल भी तैनात रहेगा। इसके साथ ही सेक्टर अधिकारी एवं मतदान दलों को लेकर जाने वाले प्रत्येक वाहनों में जीपीएस लगाया गया है। प्रत्येक वाहन की लोकेशन कंट्रोल रूम में ट्रेक की जाएगी। मतदान केन्द्रों में भी सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की गई है।

## 27 अप्रैल को किया जाएगा संसदीय चुनाव क्षेत्र 17 होशंगाबाद के पोस्टल बैलट का संधारण

**नर्मदापुरम।** लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद के समस्त पोस्टल बैलट की मतगणना रिटर्निंग ऑफिसर मुख्यालय नर्मदापुरम पर होगी। 27 अप्रैल 2024 को लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद के पोस्टल बैलट का संधारण जिला मुख्यालय नर्मदापुरम के ट्रेजरी स्थित खजाना भवन में शाम 7 बजे से किया जाएगा किया जाएगा। लोकसभा निर्वाचन 2024 में भाग लेने वाले समस्त अभ्यर्थी अथवा उनके प्रतिनिधियों से नोडल अधिकारी डाक मतपत्र प्रबंधन लोकसभा निर्वाचन 2024 जिला नर्मदापुरम ने अनुरोध किया है कि उक्त प्रक्रिया के दौरान जिला मुख्यालय ट्रेजरी स्थित खजाना भवन में उपस्थित रहें।

**मेट्रो एंकर** शादी वाले घरों में मतदान के लिए नहीं लगाना पड़ेगी लाइन

# बूथ जागरूकता दल : सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो





**सिवनी मालवा दोपहर मेट्रो।**

लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान करना कितना महत्वपूर्ण है जिसके लिए पूरे जिले में यह प्रयास किया जा रहा है कि अधिक से अधिक मतदान हो और हर मतदाता अपने मत का उपयोग करें जिसके लिए घर-घर शपथ दिलाई जा रही है हर घर पीले चावल रखकर मतदान की अपील की जा रही है।

इसी के चलते बुधवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के सेक्टर सतवासा के ग्राम बघवाड़ा खुटवासा, छापरखेड़ा, हिरनखेड़ा भड़गचिकली एवं घुमड़देव में नॉक द डोर द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया। अब मतदान की उल्टी गिनती प्रारंभ होते ही कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला सीईओ के मार्गदर्शन में मतदान केंद्र की व्यवस्था अपने मतदान जागरूकता समूह के साथ मिलकर देखी गई। जिसमें मतदान केंद्र पर छाया की व्यवस्था, कुर्सी की व्यवस्था,सभी मतदाताओं को पर्चिया वितरण की जा चुकी है अथवा नहीं फर्स्ट एड की व्यवस्था, ठंडा पानी, कूलर आदि की व्यवस्था एवं पोलिंग पार्टी को खाने की व्यवस्था के संबंध में पोलिंग बूथ जागरूकता दल से चर्चा की गई। पर्यवेक्षक श्रीमती सुचित्रा राजावत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा समझाइए दी गई की सबसे जरूरी यह है कि 26 अप्रैल को सभी मतदान केदो में100प्रतिशत मतदान हो कोई भी मतदाता छूटे नही जिसके लिए विशेष प्रयास किया जा रहा हैं। ऐसे परिवार जहां शादी है और बारात जा रही हो उन्हें मिलकर समझाइए दी गई की आपको बिना मतदान किया बारात नहीं ले जानी है इस हेतु आपको केंद्र पर बिना लाइन लगे मतदान की सुविधा दी जाएगी एवं ऐसे मतदाता जिनके यहां पर बारात आनी है उन्हें समझाइए दी गई की आपको भी किसी भी प्रकार की असुविधा मतदान दिवस के दिन नहीं होगी आप को कोई लाइन नहीं लगना होगी। उनसे मतदान में उपस्थित होने का समय पूछ कर स्लॉट बुक किया साथ ही 26 अप्रैल को होने वाली शादियों में बाहर जाने वाले मतदाता का सर्वे किया गया। उन्हे बताया गया की लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी आहुति जरूर दें शादी मैं चाहे ना जा पाए मतदान करने अवश्य जाएं के संदेश के साथ घर-घर पीले चावल डाले गए एवं मतदाता शपथ दिलवाई गई संबंधित ग्राम में सेक्टर पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्राम शिक्षक पोलिंग बूथ जागरूकता जागरूकता दल सचिव, सहायक सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता,सहायिका उपस्थिति रही।



### अवैध उत्खन्नकर्ताओं को कहीं नेताओं का संरक्षण तो प्राप्त नहीं जो स्थानीय प्रशासन बच रहा हो ?

# क्रेशर मशीनों की आड़ में हो रहा है कोपरे का कारोबार

**सिरोंज, सईद खान।**

आसपास के क्षेत्र में इन दिनों अवैध कोपरे कार्य जोरो पर है उत्खन्नकर्ता रात के अंधेरे एवं दिनदहाडे सरकारी भूमियों पर से कोपरे का उत्खन्न कर रहे है सरकारी भूमियां उत्खन्नकर्ता खोकला कर रहे है । उत्खन्नकर्ताओं को प्रषासन का डर बिल्कुल खत्म हो गया है जहां रात हुई उत्खन्नकर्ताओं ने जेसीबी मंगवाई और उत्खन्न षुरू कर दिया । एवं जो कोपरा निकला उसको दिनदहाडे नगर में विकसित हो रही कालोनियों में डाला जा रहा है एवं जहा जहां नवीन मकान निर्माण हो रहे है उसकी भराई के कार्य के लिए कोपरा डाला जा रहा है । कोपरे का कारोबार इन दिनों जमकर हो रहा है उत्खन्नकर्ताओं को प्रषासन का डर बिल्कुल ही खत्म हो गया है और सरकारी भूमियों को तालाब बना दिया है बडे बडे गड्ढे उत्खन्नकर्ताओं ने कर दिये है । लेकिन स्थानीय प्रषासन को बार बार अवगत

### सरकारी भूमियों पर कर रहे है उत्खन्न सरकारी जमीनों को कर दिया खोकला बना दिया तालाब आखिर कब होगी कार्यावाही



कराने के बाद भी कोई कार्यावाही देखने को नही मिल है अब देखना यह है कि सौया हुआ प्रषासन कब जागेगा और उत्खन्न कर्ताओं पर कब कार्यावाही होगी। अवैध उत्खन्न होने की वजह से प्रशासन को लाखो रूपये का नुकसान हो रहा है । बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारियों द्धारा इन खनन माफियों के खिलाफ कोई कार्यावाही नही की जा रही है । वही देखा जाए कि गुना आरोन रोड कांदीखेडी अन्य जगह जगह पर जमकर अवैध उत्खन्न किया जा रहा है । मगर प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों द्धारा इस और ध्यान नही दिया जा रहा है । अवैध कोपरा से भरे डंपर इन दिनों अवैध कालोनियों में ज्यादा जाता हुआ दिखाई दे रहा है जिससे कोपरे व मुरम की डिमांड ज्यादा बड रही है मगर प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी कोई कार्यावाही करते हुए दिखाई नही दे रहे है । जहां देखा जाए कि नगर में अवैध कालोनियों का सिलसिला जारी है कालोनियों मे इन दिनों अवैध कोपरा व मूरम रोड के कार्य करने में काम आता है। यह कोपरा व मूरम दिनदाहाडे अवैध कालोनियों मे जा रहा है मगर प्रषासन के जिम्मेदार अधिकारी इस और बिल्कुल भी ध्यान नही दे रहे है जिससे अवैध उत्खन्न दिन प्रति दिन बडता ही जा रहा है । गौरतलब हो कि अगर समय जों प्रषासन को लाखों रूपये का नुकसान हो रहा है उसे बचाया जा सकता है ।

### विकसित कालोनियों मे डला कोपरा की क्या होगी जांच

स्थानीय प्रशासन चाहे तों जो नगर मे विकसित कालोनियां संचालित हो रही है इनमे अधिक मात्रा में कोपरा डाला जा रहा है इन कालोनाइजर से यह पूछा जाए कि यह कोपरा कहां से खरीदा गया है इसकी रायल्टी है के नही इससे जग जाहिर हो जाएगा कि बघेर लीज कराऐ ही कोपरा बेचा जा रहा है और लाखो के राजस्व का नुकसान किया जा रहा है अगर जांच की जाए तों जो इस कार्या मे लिप्त है उनपर कार्यावाही की जा सकती है ।

### निर्माणधीन प्लाटो की भराई मे डाला जा रहा है कोपरा

हमारे प्रतिनिधि द्धारा कवरेज के दौरान देखा कि कुरवाई बायपास बासौदा बायपास रोड पर एक निर्माणधीन मकान की भराई के लिए कई डंपर माल कोपरे के डले हुए पडे थे और भी डंपर डाले जाएगे इससे अंदाजा लगाया जा कता है कि किस रफ्तार के साथ दिन दहाडे बायपासो पर अवैध कोपरा डाला जा रहा है जिसकी भनक स्थानीय प्रषासन को नही है और अवैध उत्खन्न का कार्य कितनी गति के साथ किया जा रहा है ।

## नरवाई में आग लगाने का दौर, जमीन की उर्वरक क्षमता भी होती है प्रभावित



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कई किसानों के द्वारा फसल कटाई के बाद नरवाई में आग लगाने का काम किया जाता है। थोड़े से फायदे के लिए जरूरी कीट मित्रों को भी आग में जलाकर नष्ट कर दिया जाता है ,इस वजह से जमीन की उर्वरक क्षमता भी दिन प्रभावित होती जा रही है। दूसरी ओर प्रतिबंध के बाद भी कई किसानों के द्वारा नरवाई में आग लगाने का काम किया जा रहा इस वजह से जो खाद जमीन को मिलना चाहिए वह खाद भी नहीं मिल पाता है साथ ही मवेशियों को खाने के लिए चारा भी नहीं मिलता है आग लगने से पूरी नरवाई जलकर नष्ट हो जाती है साथ ही प्रदूषण भी धुएं के कारण फैलता है इसकी जानकारी होने के बाद भी जिम्मेदारों के द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है आग लगाने वालों को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया जा रहे हैं जागरूकता के लिए भी काम नहीं किया जा रहा है। वहीं कलेक्टर के द्वारा हर बार औपचारिकता पूरी करने के लिए आदेश जारी किया जाता है कि नरवाई में आग लगाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी पर धरातल पर कार्रवाई नहीं होने से हर साल आग लगाने का काम किया जाता है । कई किसानों की फसलें भी आग की चपेट में आने से नष्ट हो जाती है। कई मकान और पेड़ पौधे भी नष्ट हो जाते हैं फिर भी कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं हो रहा आखिर ऐसा क्यों हो रहा है। कृषि वैज्ञानिकों का कहना है की नरवाई में लगाने से किसानों को नुकसान होता है जमीन की उर्वरक क्षमता भी खत्म हो रही है जरूरी कीट मित्र भी नष्ट हो रहे हैं। इस वजह से किसानों को ही घाटा होता है किसानों को नरवाई में आग नहीं लगानी चाहिए ।

### मतदान दलों के लिए द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 27 से 30 तक

# लू-तापघात से बचाव की एडवाइजरी जारी, छात्रवृत्ति व आवास के आवेदन 30 तक दर्ज

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मतदान दलो को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम अप्रैल माह की 27 से 30 तारीख तक आयोजित किया जाना है। अपर कलेक्टर एवं प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी अनिल कुमार डामोर के द्वारा ततसंबंध में जिले के समस्त अनुविभागीय राजस्व अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी को पत्र प्रेषित कर भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार इस प्रशिक्षण में उल्लेखित तमाम व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाए। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बताया कि जिले की पांचो विधानसभाएं क्रमशः विदिशा, गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज एवं शमशाबाद के सहायक रिटर्निंग आफीसरो को प्रशिक्षण के संबंध में बिन्दुवार जानकारियां तैयार कराने हेतु निर्देशित किया गया है।



मतदान दल - मतदान दलो के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण में मतदान दलो के सदस्यो के स्वास्थ्य की दृष्टि से मेडिकल टीम की मय आवश्यक दवाईयों सहित प्रशिक्षण स्थल पर व्यवस्था करें। प्रत्येक प्रशिक्षण कक्ष में लेपटॉप व प्रोजेक्टर की व्यवस्था की जाए। वहीं प्रशिक्षणार्थियों के लिए शुद्ध शीतल पेयजल की आपूर्ति के भी प्रबंध क्रियान्वित किए जाए। मतदानकर्मियों को 45 मिनिट का भोजन अवकाश दिया जाकर प्रशिक्षण स्थल पर ऑन पैमेट चाय, स्वल्पाहार, शीतल पेय की व्यवस्था की जाए। प्रत्येक कक्ष में ईव्हीएम व व्हीव्हीपैट मशीनो के हेण्डसऑन तथा निर्वाचन संबंधी प्रपत्रों को भरवाने की क्रास मानिटरिंग क्रियान्वित की जाए।

सेक्टर अधिकारी - अपर कलेक्टर श्री डामोर ने बताया कि द्वितीय चरण के प्रशिक्षण के दौरान विधानसभा अंतर्गत सभी सेक्टर अधिकारियों को प्रशिक्षण में उपस्थिति सुनिश्चित हो एवं ईव्हीएम व व्हीव्हीपैट मशीनो के हेण्डसऑन कराकर प्रमाण पत्र एआरो टीप के साथ प्रस्तुत किए जाए। अनुलग्नक 28, ईव्हीएम बदले जाने संबंधी प्रमाणीकरण की जानकारी दी जाए। मतदान दिवस की रिपोर्ट निर्धारित 24 बिन्दुओं पर, मॉकपोल के दौरान बदली गई ईव्हीएम, व्हीव्हीपैट रिपोर्ट का भाग चार की जानकारी तथा वास्तविक मतदान के दौरान बदली गई ईव्हीएम, व्हीव्हीपैट रिपोर्ट का भाग पांच की जानकारी दी जाए।

### छात्रवृत्ति व आवास सहायता के आवेदन तीस तक दर्ज होंगे

जनजातीय कार्य विभाग की जिला संयोजक श्रीमती पारूल जैन ने बताया कि अनुसूचित जाति पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजना अंतर्गत वर्ष 2022-23 हेतु छात्रवृत्ति पोर्टल 2.0 पर नवीनीकरण आवेदन दर्ज करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2024 निर्धारित की गई है। जिला संयोजक श्रीमती जैन ने बताया कि शैक्षणिक वर्ष 2022-23 में जिले के समस्त शासकीय अशासकीय, संस्थाओं को ततसंबंध में सूचित कर उन सबको संस्था में अध्ययनरत अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति पोर्टल 2.0 पर अंतिम तिथि से पूर्व अनिवार्यतः आवेदन कराने की प्रक्रिया पूर्ण कराए ताकि संस्थान के संबंधित छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति प्राप्ति से वंचित ना हो पाएं।

### वाहन प्रभारियों का प्रशिक्षण

चार्ट अनुसार वाहन प्रभारियों, पटवारियों को रूटचार्ट संबंधी, ईव्हीएम हेण्डस ऑन का प्रशिक्षण दो या तीन मई को अनिवार्यतः विधानसभावार आयोजित करना सुनिश्चित करें।

### लू-तापघात से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी

लू-तापघात से बचाव हेतु आज सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ शिरिष रघुवंशी के द्वारा बैठक आयोजित कर लू-तापघात से बचाव हेतु विस्तृत चर्चा की गई है। बैठक में डॉ एके उपाध्याय, नेत्ररोग विशेषज्ञ, डॉ राजकुमार वर्मा, मेडीकल विशेषज्ञ, डॉ राकेश अहिरवार, शिशुरोग विशेषज्ञ, डॉ राकेश सक्सेना प्रवरश्रेणी दंतरोग विशेषज्ञ, डॉ धर्मेन्द्र रघुवंशी आरएमओ, फर्मासिस्ट रजित त्रिपाठी, प्रभारी स्टोरकीपर सनमान सिंह मौजूद रहे।

## नगर पालिका द्वारा लगातार चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नगर पालिका सिरोंज लगातार चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में नगर पालिका से ज्योति दुबे और संतोष सहारिया दुबारा तरह तरह की गतिविधी आयोजित की जा रही हे बाजार में जाकर प्रेस करने वाले की कटिंग करने वाले जनरल स्टोर आदि दुकानों पर भवन का निर्माण कर रहे मजदूर ईट भट्टा के पास जा जा कर मतदाता को मतदान करने की लिए अपील की जा रही हे समूह की महिलाओं दुबारा भी रेली निकल कर नारे सीट पर नारे लिख कर तरह तरह की गतिविधियां नागरालिका से सीएमओ के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे जागरूक अभियान में अधिक से अधिक गतिविधियां कराई जा रही है जिससे की मतदान का प्रतिशत। सिरोंज में बढ़ाया जा सके।

## बाजार में कार से लगा जाम, परेशान हुए आमजन ट्रॉफिक पुलिस नदारद

**सिरोंज ।** नगर के मुख्य बाजार में जाम की समस्या से लोग काफी परेषान हो रहे थे जिसको देखते हुए कोर्ट गेट के पास प्रशासन नें बेरिकेट लगवा दिया गया था जिससे चार पाहिया वाहन बाजार में प्रवेष न कर सके । वही दोपहर के समय एक कार कोर्ट गेट एरिये की तरफ आ रही थी लेकिन बेरिकेट लगा होने के कारण कार वहां फस गई न तों आगे जा सकती कार और न पीछे जा सकती कार जिससे



दोनो तरफ जाम लग गया । जाम को देखते हुए स्थानीय लोगो की मदद से दो पाहिया मोटर साईकिलों को वहां से पीछे भेजा गया काफी मष्कत के बाद कही जाकर कार निकल पाई जब जाकर लोग निकल पाऐ है वहां से और रास्ता साफ हो पाया । गौरतलब हो कि मुख्य बाजार के आस पास पार्किंग न होने के कारण रोड किनारे ही वाहन खडे कर दिये जाते है जिससे बार बार जाम की समस्या उत्पन्न होने लगती है।

**मेट्रो एंकर**

### परिवार में खुशियों की लहर, गांव से भी निकले टॉपर

# मुस्कान दांगी ने 12वीं में किया एमपी में टॉप, अर्चना को आठवां स्थान मिला

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

एमपी बोर्ड के द्वारा 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए हैं। जिसमें निजी स्कूल की छात्रा मुस्कान दांगी ने कॉमर्स विषय में 500 में से 493 अंक प्राप्त करके एमपी में प्रथम स्थान प्राप्त करके सिरोंज शहर का नाम रोशन किया है। जैसे ही परीक्षा परिणाम की जानकारी इनको और उनके परिवार वालों को लगी तो उनका खुशी का ठिकाना नहीं रहा मुस्कान ग्राम चाठोली की रहने वाली है उन्होंने ने हमारे संवाददाता से बात करते हुए कहा कि मुझे उम्मीद नहीं थी कि मैं एमपी टॉप कर लूंगी पर अच्छे नंबर आने की उम्मीद थी पर यह बहुत अच्छा परिणाम है मेरे लिए बहुत अच्छे पल है इसमें माता-पिता के अलावा स्कूल के स्टाफ का भी मुझे सहयोग मिला है। मेरे द्वारा घर पर रहकर निमित्त रूप से बिना कोचिंग के अध्ययन किया वहीं इनकी लगन के चलते ही एमपी में प्रथम स्थान हुआ है। यहां आगे चलकर शिक्षा के क्षेत्र शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए काम करने की इच्छा इन्होंने जाहिर की है टीचिंग या सिविल सेवा में आगे जाकर काम करना चाहती हैं। इसी तरह अर्चना रघुवंशी पिता रणधीर रघुवंशी निवासी ग्राम बागरोदा ने एमपी में आठवां स्थान प्राप्त किया है। इन्होंने गणित विषय में 484 अंक प्राप्त



किए हैं यह आई आई टी या इंजीनियरिंग के क्षेत्र में जाकर देश के हित में काम करना चाहती हैं । इस सफलता के बारे में बताया कि निमित्त रूप से अध्ययन करती थी तथा मुझे अपने माता-पिता और स्कूल स्टाफ भरपूर सहयोग मिला है उसी के चलते हैं परिणाम आया है यह हमारे लिए गौरव की बात है। वहीं इनके पिता खेत में प्याज खुदाई का काम कर रहे थे तभी इन्हें अपनी लड़की के परिणाम के बारे में पता चला कि उसने एमपी में आठवां स्थान प्राप्त किया है।

### दसवीं में प्रिंस ने दिया उच्च परिणाम

दसवीं बोर्ड की परीक्षा के परिणाम भी जारी हो गए हैं जिसमें में भी इन्होंने जिले की टॉप 10 सूची में सरकारी स्कूलों का नाम नहीं आने से चिंता का विषय भी बन गया है। वहीं दसवीं बोर्ड में प्रिंस विश्वकर्मा पिता राकेश विश्वकर्मा ने 95 प्रतिषत अंक प्राप्त करके जिले की सूची में स्थान प्राप्त किया इन्होंने 500 में से 475 अंक प्राप्त किए हैं। वहीं सीएम राइज स्कूल के राधे गोविंद, संत गिरि ने 87,87 प्रतिषत अंक प्राप्त किए हैं उधम सिंह ने 83 प्रतिषत प्राप्त घर के स्कूल का नाम रोशन किया स्कूल का परीक्षा परिणाम 71 प्रतिषत से अधिक रहा। वहीं अन्य स्कूलों की जानकारी जुटाना का काम देर रात तक बी ई ओ उमेश सोनी करते रहे उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गौरव की बातें की यहां की दो-दो बेटियों ने एमपी की टॉप 10 सूची में स्थान प्राप्त किया सबसे बड़ी बात तो है कि एमपी टॉपर का नाम भी सिरोंज से ही आया है मैं दोनों बच्चियों इतने अच्छे परिणाम के लिए बहुत-बहुत बधाई शुभकामनाएं देता हूं दूसरी ओर बोर्ड परीक्षा परिणाम की घोषणा होने की जानकारी लगते ही टकटकी लगाकर परिणाम आने की जानकारी विद्यार्थियों के द्वारा की जा रही थी जैसे ही 4:00 बजे है एमपी बोर्ड के परीक्षा परिणाम जारी हुई तो इनको जानने के लिए उत्सुकता बनी रही परिणाम आने के बाद चेहरे पर खुशी तो किसी के चेहरे पर मायूसी भी देखने को मिली सरकारी स्कूलों का परिणाम बेहतर नहीं रहा।

## एसडीएम न्यायालय की सेवाएं रहीं ठप जरूरी काम प्रभावित, कुर्की के कारण बनें हालात

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



न्यायालय के आदेश पर एसडीम कार्यालय में रखी एसडीएम की कुर्सी ,टेबल कंप्यूटर आदि कुर्की करके जप्त कर ली गए इस वजह से बुधवार को एसडीएम न्यायालय में कोई काम नहीं हुआ एसडीएम दिन भर अपने कार्यालय में नहीं बैठ सके क्योंकि इनको बैठने के लिए कुर्सी भी नहीं थी रिकॉर्ड भी नहीं होने से शासन की सभी जरूरी 35 सेवाएं पूरी तरह से प्रभावित हो गई है। दूसरी ओर विकासखंड के सभी कार्यालय को मॉनिटरिंग करने का काम भी एसडीएम के द्वारा किया जाता है वह काम भी प्रभावित हो गया। ग्रामीण क्षेत्रों में तथा शहरी क्षेत्र से आने वाले लोगों को भी असुविधा का सामना करना पड़ा उनकी समस्या का समाधान करने के लिए कोई मौजूद नहीं था इस वजह से विभिन्न समस्याओं से पीड़ित लोग अपनी समस्याओं के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे पर उनकी कोई समस्या सुनने वाला मौजूद नहीं था क्योंकि एसडीएम कार्यालय में बैठने के लिए रसिया ट्रैवल कंप्यूटर नहीं होने से इस तरह की स्थिति निर्मित हुई है। वहीं अब इस बात की चर्चा है कि कब तक एसडीएम को कुर्सी टेबल कंप्यूटर आदि की व्यवस्था होगी और रिकॉर्ड इनको मिलेगी तब तक इसी तरह आम जनता को परेशान होना पड़ेगा।

### कलेक्टर से मांगा मार्गदर्शन

कुर्की के बाद सामान जाने और रिकॉर्ड को लेकर एसडीएम हर्षल चौधरी ने जिला कलेक्टर से इस संबंध में मार्गदर्शन भी मांगा है और जरूरी सेवाएं प्रभावित न हो उसके लिए फर्नीचर की भी मांग की गई है जैसे ही रिकॉर्ड से संबंधित दस्तावेज और टेबल कुर्सी और कंप्यूटर प्राप्त होने के बाद एसडीएम के द्वारा अपना कामकाज भी प्रारंभ कर दिया जाएगा वहीं कुर्की के बाद न्यायालय से नकल के लिए आवेदन भी दिया गया है। इस के बाद इस कार्रवाई के विरोध में हाई कोर्ट में अपील भी दर्ज की जाएगी वैसे ही एमपी आरडीसी बिभाग मुआवजे से संबंधित मामले को लेकर हाईकोर्ट में अपील दायर कर चुका है। इसके अलावा के वकीलों से भी इस मामले को लेकर राय ली जाएगी।

# महिला टी-20 वर्ल्ड कप : क्वालिफायर मुकाबलों की शुरुआत आज से

10 टीमें क्वालिफायर के जरिए भिड़ेंगी, फाइनल 7 मई को खेला जाएगा

**नईदिल्ली, एजेंसी**

महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 की शुरुआत आज से हो रही है। इसमें 10 टीमें हिस्सा लेंगी, जिसमें पिछले टूर्नामेंट यानी 2023 टी20 वर्ल्ड कप की टॉप-6 टीमें शुमार होंगी. इसके अलावा बांग्लादेश ने होस्ट के रूप में क्वालिफाई किया है, जबकि पाकिस्तान ने आईसीसी टी20 के आधार पर क्वालिफाई किया है।

पिछले सीजन की टॉप-6 टीमों में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज शामिल है. इस तरह 8 टीमें जगह बना चुकी हैं और 2 क्वालिफायर के जरिए आएंगी. क्वालिफायर मुकाबलों की शुरुआत 25 अप्रैल से होगी, जिसका फाइनल 7 मई को खेला जाएगा.



टूर्नामेंट के लिए अबुधाबी के लिए दो मैदान तय किए गए हैं, जिसमें टॉलरेंस ओवल और जायद क्रिकेट स्टेडियम शामिल है. क्वालिफायर के ज़रिए क्वालिफाई करने वाली दो टीमें इस साल के आखिर में बांग्लादेश की सरज़मीं पर खेले जाने वाले टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लेंगी।

क्वालिफायर में कुल 10 टीमें हिस्सा लेंगी, जिसमें आयरलैंड, नीदरलैंड, स्कॉटलैंड, श्रीलंका, यूएई, यूएसए, वानुअतु और जिम्बाब्वे शामिल है. 10 में दो टीमें जगह बनाएंगी. क्वालिफायर में पहला मुकाबला श्रीलंका और थाईलैंड के बीच खेला जाएगा. क्वालिफायर की 10 टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है. ग्रुप ए में- श्रीलंका, थाईलैंड, स्कॉटलैंड, युगांडा, अमेरीका शामिल है. इसके अलावा ग्रुप बी में- आयरलैंड, जिम्बाब्वे, नीदरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, वानुअतु शामिल है. दोनों ग्रुप की टॉप-2 टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी. फिर फाइनलिस्ट बनने वाली दोनों टीमें क्वालिफाई कर लेंगी।

## ऐसा है पूरा शेड्यूल

| तारीख | मैच | मैदान |
|---|---|---|
| 25 अप्रैल | श्रीलंका बनाम थाईलैंड | टॉलरेंस ओवल |
| 25 अप्रैल | स्कॉटलैंड बनाम युगांडा | टॉलरेंस ओवल |
| 25 अप्रैल | आयरलैंड बनाम यूएई | जायद क्रिकेट स्टेडियम |
| 25 अप्रैल | जिम्बाब्वे बनाम वानुअतु | जायद क्रिकेट स्टेडियम |
| 27 अप्रैल | वानुअतु बनाम नीदरलैंड | टॉलरेंस ओवल |
| 27 अप्रैल | यूएई बनाम जिम्बाब्वे | टॉलरेंस ओवल |
| 27 अप्रैल | युगांडा बनाम यूएसए | जायद क्रिकेट स्टेडियम |
| 27 अप्रैल | स्कॉटलैंड बनाम श्रीलंका | जायद क्रिकेट स्टेडियम |
| 29 अप्रैल | यूएसए बनाम स्कॉटलैंड | टॉलरेंस ओवल |
| 29 अप्रैल | युगांडा बनाम थाईलैंड | टॉलरेंस ओवल |
| 29 अप्रैल | आयरलैंड बनाम जिम्बाब्वे | जायद क्रिकेट स्टेडियम |
| 29 अप्रैल | नीदरलैंड बनाम यूएई | जायद क्रिकेट स्टेडियम |

| तारीख | मैच | मैदान |
|---|---|---|
| 1 मई | जिम्बाब्वे बनाम नीदरलैंड | टॉलरेंस ओवल |
| 1 मई | वानुअतु बनाम आयरलैंड | जायद क्रिकेट स्टेडियम |
| 1 मई | श्रीलंका बनाम युगांडा | जायद क्रिकेट स्टेडियम |
| 1 मई | थाईलैंड बनाम यूएसए | जायद क्रिकेट स्टेडियम |
| 3 मई | थाईलैंड बनाम स्कॉटलैंड | टॉलरेंस ओवल |
| 3 मई | यूएसए बनाम श्रीलंका | जायद क्रिकेट स्टेडियम |
| 3 मई | यूएई बनाम वानुअतु | जायद क्रिकेट स्टेडियम |
| 3 मई | नीदरलैंड बनाम आयरलैंड | जायद क्रिकेट स्टेडियम |
| 5 मई | पहला सेमीफाइनल | जायद क्रिकेट स्टेडियम |
| 5 मई | दूसरा सेमीफाइनल | जायद क्रिकेट स्टेडियम |
| 7 मई | फाइनल | जायद क्रिकेट स्टेडियम |

### तमिलनाडु है चेस खिलाड़ियों की खान, देश में यहां सबसे अधिक संख्या में ग्रैंडमास्टर

# शतरंज में भारत की बादशाहत

## दुनिया में भारतीय युवा खिलाड़ियों का धमाल

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारत के 17 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी डी गुकेश ने हाल ही में कैंडिडेट्स खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। गुकेश चेन्नई के रहने वाले हैं और तमिलनाडु वो राज्य है, जिसने भारत को सर्वाधिक ग्रैंडमास्टर दिए हैं। वर्तमान में भी तमिलनाडु के खिलाड़ियों का शतरंज में दबदबा है। भारत में अभी कुल 84 ग्रैंडमास्टर हैं और इसमें से सर्वाधिक 30 खिलाड़ी चेन्नई के हैं। खिलाड़ी विश्व रैंकिंग में चेन्नई के टॉप 20 में है। गुकेश, आनंद और प्रग्गनानंदा

महिला रैंकिंग में भी दबदबा 03 खिलाड़ी शीर्ष 20 में- महिला रैंकिंग में कोनेरू हंपी पांचवें, हरिका द्रोनावल्ली 11वें और वैशाली 15वें स्थान पर हैं। 03 जूनियर खिलाड़ी टॉप-20 में- जूनियर रैंकिंग में दिव्या देशमुख चौथे, वेलापुला सराया पांचवें और सविता श्री 11वें नंबर पर हैं।

राज्य में कई चेस क्लब- राजधानी चेन्नई ही नहीं बल्कि पूरे तमिलनाडु में शतरंज का अच्छा कल्चर है और यहां कई चेस क्लब हैं। भारतीय चेस फेडरेशन भी शुरुआत में चेन्नई में ही था।



### लोकप्रियता बढ़ी

भारत में पिछले 20 सालों में शतरंज की लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2010 में भारत में ग्रैंडमास्टर की कुल संख्या 20 के करीब थी लेकिन पिछले 20 सालों में देश में करीब 60 खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर बने। इससे साफ जाहिर है कि युवा खिलाड़ी इस खेल के प्रति तेजी से आकर्षित हो रहे हैं।

### 84 ग्रैंडमास्टर भारत में...

तमिलनाडु ने मैनुअल आरोन के रूप में भारत को पहला अंतरराष्ट्रीय मास्टर और विश्वनाथन आनंद के रूप में पहला ग्रैंडमास्टर दिया है। इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों का यहां काफी प्रभाव है और बच्चे इन्हें अपना रोल मॉडल मानते हैं जबकि अन्य राज्यों में रोड मॉडल की कमी है। तमिलनाडु में चेस खिलाड़ियों के आगे बढ़ने की वजह माता-पिता की जागरुकता के अलावा जमीनी स्तर से लेकर स्कूल तक अच्छी सुविधाएं व समर्थन मिलना हैं। युवा खिलाड़ी प्रग्गनानंदा और वैशाली के पिता रमेशबाबू ने कहा, मेरे दोनों बच्चों को स्कूल से काफी समर्थन मिला। उन्हें पढ़ाई का पूरा कोर्स घर पर ही उपलब्ध कराया गया और होमवर्क भी नहीं दिया। बच्चे सिर्फ परीक्षा देने स्कूल जाते थे। मेरा मानना है कि ये सुविधा सिर्फ तमिलनाडु में है, जहां चेस खिलाड़ियों को इस तरह का प्रोत्साहन मिलता है।

# फुटबॉल: इंटर मिलान ने फाइनल में एसी मिलान को रोमांचक मैच में 2-1 से दी शिकस्त

**रोम, एजेंसी**

इंटर मिलान ने यहां खेले गए रोमांचक फाइनल में एसी मिलान को 2-1 से शिकस्त दी और 20वीं बार सीरी-ए खिताब जीता। इंटर मिलान सर्वाधिक खिताब जीतने वाली दूसरी टीम है। इस सूची में जुवेंटस (36) शीर्ष पर है। इंटर मिलान ने आखिरी बार 2020-21 में आखिरी बार खिताब जीता था। यह इंटर मिलान की एसी मिलान पर सभी टूर्नामेंट में लगातार छठी जीत है। इंटर मिलान के लिए पहला गोल 18वें मिनट में फ्रांसिस्को और 49वें मिनट में दूसरा गोल मार्कस थुरेम ने किया। वहीं, एसी मिलान के लिए एकमात्र गोल 80वें मिनट में फिकायो टोमोरी ने दागा।





# भारत से दवा निर्यात 10 फीसदी से बढ़कर 27.9 अरब डॉलर हुआ

## मेट्रो बाजार

**नईदिल्ली, एजेंसी**

देश से दवाओं का निर्यात 2023-24 में सालाना आधार पर 9.67 फीसदी बढ़कर 27.9 अरब डॉलर पहुंच गया। 2022-23 के दौरान यह आंकड़ा 25.4 अरब डॉलर रहा था। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च में भारत से 2.8 अरब डॉलर की दवाओं का निर्यात किया गया। यह मार्च, 2023 की तुलना में 12.73 फीसदी अधिक है। भारत औसतन हर महीने दो से तीन अरब डॉलर के औषधि उत्पादों का निर्यात करता है। एक उद्योग विशेषज्ञ ने कहा, अमेरिका जैसे देशों में बढ़ते अवसरों और मांग से निर्यात को मासिक आधार पर वृद्धि दर्ज करने में मदद मिल रही है। सरकार ने प्रमुख दवा सामग्री और जेनेरिक दवाओं के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए दो उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाएं शुरू की हैं। घरेलू दवा उद्योग का कारोबार 2030 तक बढ़कर 130 अरब डॉलर से अधिक हो सकता है। बाजार अवसरों के विस्तार और विदेश में बढ़ती मांग के दम पर यह लक्ष्य हासिल हो पाएगा। भारत ने 2023-24 के दौरान पांच देशों अमेरिका, ब्रिटेन, नीदरलैंड, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील में सबसे ज्यादा दवाओं का निर्यात किया। इसमें अमेरिका की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा 31 फीसदी से अधिक रही। कुल दवा निर्यात में ब्रिटेन और नीदरलैंड का करीब तीन फीसदी योगदान रहा। भारत को पिछले वित्त वर्ष के दौरान कई नए बाजारों में कदम रखने का अवसर मिला। इन बाजारों में मोंटेनेग्रो, दक्षिण सूडान, चाड, कोमोरोस, ब्रुनेई, लात्विया, आयरलैंड, स्वीडन, हैती और इथियोपिया शामिल हैं।



# कोटक महिंद्रा बैंक पर चला आरबीआई हुआ सख्त

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एक बार फिर देश के बैंकिंग क्षेत्र के नियामक भारतीय रिजर्व बैंक का डंडा निजी क्षेत्र के बड़े बैंक पर चला है। आरबीआई ने बैंक के ऑनलाइन या मोबाइल बैंकिंग चैनल के जरिए नए ग्राहक जोड़ने और क्रेडिट कार्ड जारी करने पर रोक लगा दी है। आरबीआई के अनुसार कार्रवाई का यह फैसला केंद्रीय बैंक की ओर से बीते दो वर्षों में की गई कार्रवाइयों के बाद लिया गया है। आइए जानते हैं भारतीय रिजर्व बैंक को कोटक महिंद्रा बैंक की जांच में गड़बड़ियां मिलीं और है। केंद्रीय बैंक की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि रिजर्व बैंक ने कोटक महिंद्रा बैंक की आईटी जांच की गई। इस दौरान बैंक के तकनीकी संसाधनों में कई गड़बड़ियां मिलीं जो नियामकीय निर्देशों के अनुकूल नहीं थे। इस दूर करने में बैंक लगातार असफल रहा इस कारण उसके खिलाफ कार्रवाई की गई है। भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा है कि बैंक के पास मजबूत आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर और सूचना तंत्र से जुड़े जोखिम प्रबंधन का फ्रेमवर्क नहीं होने से पिछले दो वर्षों में कई बार इसकी कोर बैंकिंग और ऑनलाइन-डिजिटल बैंकिंग सेवाएं ठप पड़ गईं।

# टेबल टेनिस: श्रीजा सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग के 38वें पायदान पर

**नईदिल्ली, एजेंसी**

महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला के लिए अभी तक साल 2024 काफी बेहतरीन रहा है और इसका फायदा उन्हें ताजा वर्ल्ड टेबल टेनिस रैंकिंग में मिला है। श्रीजा करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 38वें पायदान पर पहुंच गई हैं और वह भारत की शीर्ष रैंकिंग वाली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। वहीं, स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा उनसे एक स्थान नीचे 39वें नंबर पर हैं। महिलाओं में चीन की सुन यिंगसा शीर्ष पर हैं। वहीं पुरुषों में अनुभवी अचंता शरथ कमल 37वें नंबर के साथ शीर्ष भारतीय खिलाड़ी हैं। जी साथियान 60वें और मानव ठक्कर 61वें स्थान पर हैं। इस सूची में चीन के पांच खिलाड़ी शीर्ष पांच पर है। वेंग चूक्विन पहले स्थान पर हैं।



# खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने पांचवीं बार जीता अवार्ड

**मैड्रिड, एजेंसी**

सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने आयोजित समारोह में रेकॉर्ड पांचवीं बार लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर अवॉर्ड जीता। इसके साथ ही नोवाक ने स्विट्जरलैंड के पूर्व टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर के सर्वाधिक बार यह अवॉर्ड जीतने की बराबरी कर ली। सर्वाधिक 24 ग्रैंड स्लेम जीतने वाले जोकोविच ने इससे पहले, 2016, 2019 में यह सम्मान हासिल किया है। फीफा विश्व कप 2023 में गोल्डन बॉल ट्रॉफी जीतने वाली स्पेन की फुटबॉलर एताना बोनमाती को स्पोर्ट्सवुमेन ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानिक किया गया। वहीं, विश्व चैंपियन स्पेनिश टीम को पहली बार लॉरियस टीम अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।



**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# हीरामंडी की स्क्रीनिंग में रूमर्ड बॉयफ्रेंड आदित्य के संग पहुंचीं अनन्या पांडे

बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे और रूमर्ड बॉयफ्रेंड आदित्य रॉय कपूर काफी लंबे समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। हालांकि इन दोनों ने अभीतक अपने रिलेशनशिप को आधारिक तौर पर कबूल नहीं किया है। लेकिन हर जगह दोनों की एक साथ मौजूदगी सारा सच बयां कर देती है, साथ ही दोनों की एक-दूसरे के साथ लाजवाब ट्वीनिंग इस राज से पर्दा उठा देती है। दोनों को अक्सर एक साथ कई जगहों पर देखा जा चुका है। यहां तक की दोनों कई बार एक साथ वेकेशन पर भी जा चुके हैं। वहीं अब दोनों को निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म 'हीरामंडी' की स्क्रीनिंग में एक साथ देखा गया। 'हीरामंडी' की स्क्रीनिंग में बॉलीवुड के तमाम सितारे शिरकत करने पहुंचे। ऐसे में बॉलीवुड की सबसे क्यूट और पसंद किया जाने वाला रूमर्ड कपल अनन्या और आदित्य रॉय कपूर भी पहुंचे। अनन्या नीले रंग के सलवार सूट में बेहद खूबसूरत लगी, तो वहीं आदित्य भी अनन्या से मैचिंग रंग की ड्रेस पहने दिखाई दिए। दोनों को नीले रंग के कपड़ों की ट्वीनिंग में देखकर फैंस उनपर फिदा हो गया। अनन्या ने माथे पर बिंदी, बालों में गजरा लगाकर सभी को अपनी क्यू स्माइल से मदहोश कर दिया। अनन्या सलवार-सूट में बेहद खूबसूरत दिखीं। तो वहीं आदित्य रॉय कपूर ने अनन्या की ड्रेस से मैचिंग रंग की शर्ट पहनी हुई थी। आदित्य भी कोट-पेंट के साथ नीले रंग की शर्ट में डैसिंग लग रहे थे। अनन्या ने अपने ग्लैमर का ऐसा जादू चलाया कि हर कोई उनकी खूबसूरती को देखता रह गया। ट्रेडिशनल लुक में वो बेहद ही खूबसूरत नजर आ रही थी। कुछ ही देर में दोनों का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। फैंस आदित्य-अनन्या को एक साथ देखकर बेहद खुश हुए। फैंस लगातार उनके लुक और स्टाइल को लेकर कमेंट्स कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, बॉलीवुड का सबसे हॉटेस्ट कपल, एक और फैन ने लिखा, ओएमजी, यह दोनों एक साथ कितने सुंदर दिख रहे हैं। एक और फैन ने लिखा, बेस्ट जोड़ी।



# लंदन में बेटी सुहाना के साथ 'किंग' की शूटिंग शुरू करेंगे शाहरुख!



बॉलीवुड किंग शाहरुख खान जल्द ही अपनी बेटी सुहाना खान के साथ पहली बार फिल्म 'किंग' में नजर आएंगे। फिल्म को सफल बनाने के लिए अभिनेता हर संभव प्रयास कर रहे हैं। पिता-बेटी की इस जोड़ी को पर्दे पर देखने के लिए दर्शक बेहद उत्साहित हैं। फिल्म की शूटिंग शुरू करने के लिए शाहरुख खान ने कई योजनाएं बनाई हैं। शाहरुख खान अपनी बहुप्रतिक्षित फिल्म 'किंग'खतरनाक अंतरराष्ट्रीय डॉन की भूमिका में नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म में किंग खान का ग्रे शेड किरदार होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शाहरुख और सुहाना खान जून 2024 की शुरुआत में इस फिल्म पर काम शुरू करेंगे। फिल्म की टीम को लंदन में ही कैमरे मिलेंगे, जहां कुछ बड़े एक्शन सीन शूट किए जाने की योजना बनाई जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रोडक्शन टीम की कुछ योजनाएं हैं। वह खासतौर पर हाई-ऑक्टेन एक्शन सीन को फिल्माने पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं, जो कहानी का सबसे जरूरी हिस्सा होंगे। फिल्म 'किंग' एक हाई-ऑक्टेन चेज सीक्वेंस के साथ एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव देने के लिए तैयार है। दर्शक शाहरुख की अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म को लेकर पहले से ही पूरी तैयारियां हैं। 'किंग' की शूटिंग के लिए मेकर्स प्रमुख स्थानों की तलाश कर रहे हैं। बीते दिन फिल्म से जुड़ा एक बड़ा अपडेट सामने आया था, जिसमें बताया गया कि शाहरुख खान फिल्म में डॉन की तरह ही एक ग्रे-शेड वाले किरदार की भूमिका निभाएंगे। वहीं, सुहाना खान इस फिल्म के कुछ सीन को शूट करने के लिए ट्रेनिंग ले रही हैं। फिल्म में रोमांचित कर देने वाले जबर्दस्त एक्शन सीक्वेंस होंगे।

# एक्टिंग छोड़ सेल्स गर्ल बनी श्रद्धा कपूर

*अपने बेहतरीन अभिनय, गायन और फैशन कौशल के अलावा, श्रद्धा कपूर एक बेहतरीन सेल्सवुमन भी हैं, जिसे उन्होंने अपने हालिया वीडियो में साबित किया है। श्रद्धा कपूर ने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर किया है, इसमें वह सेल्सवुमन के तौर पर कुछ ज्वेलरी बेचती नजर आ रही हैं.*



### इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर किया है

श्रद्धा कपूर ने इंस्टाग्राम पर अपना वीडियो शेयर किया है और वीडियो में उन्होंने अपने स्टोर में सेल्सवुमन के तौर पर काम करने का अनुभव शेयर किया है. इस वीडियो को शेयर करते हुए श्रद्धा कपूर ने कैप्शन में लिखा, '10 में से कितने मार्क्स?' मेरी पहली बिक्री है... श्रद्धा कपूर इन दिनों अपने ज्वेलरी ब्रांड के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इसी एपिसोड में वह हाल ही में सेल्सवुमन के किरदार में नजर आई थीं. उन्होंने अपने ब्रांड के पुणे स्टोर में सेल्सवुमेन के रूप में कुछ आभूषण बेचे। सेल्सवुमन बनकर श्रद्धा कपूर ने 10,900 रुपये का सामान बेचा। हाल ही में श्रद्धा कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पहाड़ों से अपनी कई प्यारी तस्वीरें शेयर कीं। चिलचिलाती गर्मी के बीच एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर हाल ही में पहाड़ों की सैर पर निकलीं. रविवार को उन्होंने अपने वेकेशन की कुछ खूबसूरत तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कीं. श्रद्धा कपूर की इन तस्वीरों को देखकर साफ कहा जा सकता है कि वह अपनी छुट्टियों का खूब लुत्फ उठा रही हैं।


### स्त्री:2 में नजर आएगी

*आपको बता दें कि श्रद्धा कपूर आखिरी बार मार्च 2023 में लव रंजन की फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' में नजर आई थीं। इस फिल्म में श्रद्धा कपूर के अपोजिट रणबीर कपूर थे। श्रद्धा और रणबीर की ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री फैन्स को काफी पसंद आई। श्रद्धा कपूर अगली बार राजकुमार राव, पंकज त्रिपाठी और अपारशक्ति खुराना के साथ हॉरर कॉमेडी 'स्त्री 2' में नजर आएंगी। 'स्त्री' 2018 में रिलीज हुई थी और ब्लॉकबस्टर रही थी, जिसके बाद अब इसका सीक्वल दर्शकों के सामने पेश किया जाएगा।*

### ऐशबाग की फूटी बावड़ी पर दो युवकों का रास्ता रोका और कर दिया हमला

# बाइक देने से इंकार किया तो तीन दोस्तों पर किया चाकू से हमला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित फूटी बावड़ी में अमृत तुल्य चाय की दुकान के सामने चार बदमाशों ने अपने दो परिचितों से मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। हमले की वजह बाइक देने से इंकार करने की बात सामने आई है। दरअसल, घायल युवकों के दोस्त से आरोपियों ने घूमने के लिए बाइक मांगी थी। बाइक देने से इंकार करने पर विवाद हो गया। पुलिस ने चारों आरोपियों पर रास्ता रोककर चाकू से हमला करने समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।



पुलिस के अनुसार फिरोज खान पिता हमीद खान (18) ऐशबाग में रहता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उसका दोस्त सुयश है। सुयश के पास बाइक है। उक्त बाइक से रवि कुशवाह और वह घूमता है। निखिल और अमन सुयश से अक्सर बाइक मांगते रहे हैं। बार-बार बाइक मांगने के कारण सुयश उन्हें मना भी कर चुका है, लेकिन वह फिर भी बाइक मांगते हैं। कल बुधवार को भी निखिल और अमन ने सुयश से बाइक मांगी थी, लेकिन सुयश ने बाइक देने से मना कर दिया।

#### अमृत तुल्य चाय की दुकान के सामने पीटा

आरोपी निखिल, अमन अपने दोस्त वायरस और अरबाज नाड़ा के साथ अमृत तुल्य चाय की दुकान के पास खड़े थे। इसी दौरान वहां से बाइक से सुयश, फिरोज और रवि कुशवाह का पहुंचना हुआ। आरोपियों ने तीनों को देखते ही उन्हें रोक लिया। रोकने के बाद आरोपी गालीगलौज करने लगे। फिरोज और रवि कुशवाह ने गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने उनसे मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। चाकू का हमला हाथ से रोकने के कारण फिरोज को गंभीर चोट आई है, जबकि रवि कुशवाह को भी चाकू से कट लगे हैं। सुयश ने भागकर अपनी जान बचाई थी।

## जेल से छूटने के एक सप्ताह बाद ही बदमाश ने किया युवक पर चाकू से हमला



पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित 100 क्वार्टर झुग्गी में बुधवार शाम एक बदमाश ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू युवक की कमर और गर्दन के पास लगने से उसे गंभीर चोट आई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गालीगलौज मारपीट और चाकूबाजी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी एक सप्ताह पहले ही चाकू बाजी के प्रकरण में जेल से छूटकर बाहर आया है। पुलिस ने बताया कि 22 साल का राहुल कोली प्राइवेट काम करता है और 100 क्वार्टर झुग्गी में रहता है। उसके मोहल्ले में बाबू जल्लाद भी रहता है। बाबू जल्लाद और राहुल कोली दोनों ही गुंडा लिस्ट में है। राहुल ने पुलिस को बताया कि शाम करीब 8 बजे के आसपास वह अपनी झुग्गी के सामने खड़ा था, तभी उसके पास बाबू जल्लाद पहुंचा। बाबू ने उसे कुछ जरूरी बात है कहकर पानी की टंकी के पास चलने का कहा। इस पर राहुल कोली ने उसका विरोध किया तो विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोपी बाबू जल्लाद ने राहुल कोली पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि राहुल कोली का दोस्त करण है। करण का पूर्व में बाबू जल्लाद से विवाद हुआ था और उसने बाबू जल्लाद की पिटाई कर दी थी। इसी का बदला लेने आरोपी बाबू जल्लाद ने राहुल कोली पर चाकू से हमला किया है।

## अवैध रूप से छुरी लेकर घूम रहे बदमाश चढ़े पुलिस के हत्थे



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अवैध रूप से छुरी लेकर घूमते हुए पुलिस ने कई बदमाशों को गिरफ्तार किया है। हनुमानगंज पुलिस ने अल्पना टाकीज के पीछे शाहबेज खान निवासी निशातपुरा और ईरानी डेरा के पास अरसान खान निवासी निशातपुरा को पकड़कर एक-एक छुरी बरामद की है। मंगलवारा पुलिस ने मोहम्मद अनस निवासी बजरिया और खजूरी सड़क पुलिस ने ग्यारह मील बायपास के पास करण गौर को पकड़कर छुरी जब्त की है। शाहजहांनाबाद पुलिस ने दीपक बाटली और कोलार पुलिस ने माखनलाल को छुरी के साथ गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

## तस्करों से हजारों की अवैध शराब जब्त



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी करने वालों से हजारों की शराब जब्त की है। पुलिस के मुताबिक राजगढ़ कालोनी गौतम नगर से लक्ष्मीनारायण उर्फ लच्छू के पास अवैध रूप से रखी 18 हजार की शराब जब्त की गई। कोलार पुलिस ने कजलीखेड़ा के पास कमलेश अनारे के पास अवैध रूप से रखी 13 हजार की शराब जब्त हुई। इधर बागसेवनिया पुलिस ने रेत बाजार के पास पुष्पेंद्र को पकड़कर डेढ़ हजार रुपये की शराब जब्त हुई। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

## ठेकेदार के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भोपाल। गांधी नगर पुलिस ने एक कंपनी संचालक की रिपोर्ट पर ठेकेदार के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक फरियादी धर्मेंद्र बोरवेल का काम करने वाली कंपनी चलाते हैं। उनके यहां राहिल नामक युवक काफी दिनों से ठेकेदारी का काम कर रहा था। कुछ समय पहले राहिल ने बोरवेल का सामान और सात लाख रुपये धर्मेंद्र से लिए थे, लेकिन वापस नहीं लौटाए। काफी प्रयास करने के बाद कुछ सामान तो मिल गया, लेकिन रुपये नहीं मिले। इसकी शिकायत उन्होंने पुलिस से की थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर लिया है।

## बाइक आपस में भिड़ी, दो युवकों को आई गंभीर चोट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



बिलखिरिया इलाके में एक तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से मोटर सायकिल सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। एक युवक के पैर में फ्रैक्टर हुआ है, जिसका अस्पताल में आपरेशन किया गया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल की रिपोर्ट पर टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक नरेश यादव (39) छावनी पठार बिलखिरिया में रहता है और रायसेन रोड पटेल नगर स्थित एक फैक्टरी में काम करता है। बीती 21 अप्रैल की रात करीब साढ़े दस बजे वह अपने बहनोई प्रताप सिंह के साथ ड्यूटी करने के बाद मोटर सायकिल से घर लौट रहा था। छावनी स्थित जिंदबाबा स्थान के पास पहुंचा, तभी तेज रफ्तार बाइक चालक ने उसकी मोटर सायकिल में टक्कर मार दी, जिससे दोनों बाइक समेत गिरकर घायल हो गये। नरेश को पैर में गंभीर चोट आई थी। स्थानीय लोगों ने दोनों को इलाज के लिए पास के निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने नरेश के पैर का आपरेशन किया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने नरेश यादव के बयान लेकर टक्कर मारने वाले वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## चलती ट्रेन से गिरने के कारण अधेड़ उम्र के व्यक्ति की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित भौंरी रेलवे फाटक के पास बुधवार दोपहर दाहोद पैसेंजर ट्रेन से गिरने से 55 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई। वह अपनी पत्नी के साथ ट्रेन के गेट पर खड़े थे। उसी समय उन्होंने अपना मुंह धोया और कुल्ला करने लगे। अचानक झोंका आने से चलती ट्रेन से नीचे गिर गए। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मछली मार्केट के पास इन्द्रा नगर बैरागढ़ निवासी लखन सिंह पुत्र नारायण सिंह (55) कुछ समय पहले तक मिस्त्री का काम करते थे। इसी साल जनवरी माह में उनके छोटे बेटे ने आत्महत्या कर ली थी। तभी से लखन सिंह डिप्रेशन में थे। वह काम पर भी नहीं जा रहे थे। कुछ दिन पहले वह अपनी पत्नी के साथ बेटी के घर शुजालपुर गए थे। बुधवार दोपहर लखन सिंह व उनकी पत्नी दाहोद पैसेंजर ट्रेन से भोपाल लौट रहे थे। बैरागढ़ स्टेशन आता देख वह अपना सामान लेकर ट्रेन के गेट के पास आकर खड़े हो गए थे। पत्नी ने पुलिस को बताया कि उनके पति ट्रेन के गेट के पास खड़े होकर मुंह धोने के बाद कुल्ला करने लगे। उसी दौरान ट्रेन का झोंका आने से वह नीचे गिर गए। उन्होंने अपने बड़े बेटे को मोबाइल से सूचना दी थी। घटना की जानकारी मिलने पर यात्रियों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन का रोक लिया था। गंभीर रूप से घायल लखन सिंह को सिविल अस्पताल बैरागढ़ ले जाया गया, लेकिन पूर्व में ही उनकी मौत हो चुकी थी। उनके सिर में गंभीर चोट आई थी।

## कंटेनर ने बाइक को मारी टक्कर, युवक गंभीर

गुनगा इलाके में एक तेज रफ्तार कंटेनर ने आगे चल रही बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक जितेंद्र अहिरवार (27) ग्राम अरवलिया थाना ईंटखेड़ी में रहता है। मंगलवार को वह बैरसिया से भोपाल लौट रहा था। दोपहर करीब सवा तीन बजे वह गुनगा थानांतर्गत इमला चौकी के पास दांगी रेस्टारेंट के पास पहुंचा, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने टक्कर मारने वाले कंटेनर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## एम्स डॉक्टर के सूने मकान में चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित गायत्री परिसर अमराई में एम्स के त्वचा रोग विशेषज्ञ के सूने मकान से अज्ञात बदमाश आई फोन और सात हजार रुपए की नगदी चुराकर ले गए। बदमाशों ने वारदात खिड़की की ग्रिल काटकर की थी। पुलिस ने नकबजनी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गायत्री परिसर, अमराई निवासी डॉक्टर विकास चौधरी पिता ओमप्रकाश चौधरी (24) एम्स में त्वचा रोग विशेषज्ञ हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वे राजस्थान अपने पैतृक गांव गए हुए थे। वहां से 24 अप्रैल को घर लौटे तो मुख्य गेट पर लगा था ताला ठीक से लगा था। वह ताला खोलकर अंदर गए तो पता चला कि सामान बिखरा पड़ा हुआ है। अलमारी का लॉक टूटा था। बदमाश अलमारी में रखा आईफोन, 7 हजार रुपए नकदी, समेत अन्य सामान चुराकर ले जा चुके थे।

## शासकीय कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** जबलपुर से शादी समारोह में शामिल होने भोपाल आए एक शासकीय कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। अनुमान है कि उन्हें हार्ट अटैक आया है। हालांकि मौत के सही कारणो का खुलासा पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही हो पाएगा। अयोध्या नगर पुलिस के मुताबिक जबलपुर निवासी संजीव अग्रवाल (53) खाद्य विभाग में नौकरी करते थे। वह एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए भोपाल आए थे। कार्यक्रम का आयोजन निजामुद्दीन रोड अयोध्या नगर स्थित श्रवणकांता मैरिज गार्डन में चल रहा है। मंगलवार देर रात करीब बारह बजे अचानक उनके सीने में दर्द उठा। परिजन उन्हें इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां बुधवार सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**मेट्रो एंकर** — घर से बदबू आने पर पड़ोसियों ने दी पुलिस को सूचना

# सीलिंग फेन सुधारने में लगा करंट, मिली युवक की दो दिन पुरानी लाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** कटारा हिल्स थाना क्षेत्र के लहारपुर इलाके में एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। उसकी दो दिन पुरानी लाश कमरे से मिली है। बदबू आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी थी। मृतक के हाथ पर सीलिंग फेन फंसा हुआ है जबकि सीने में बिजली का तार चिपका हुआ है। मृतक के परिजन शादी में शामिल होने छिंदवाड़ा गए हुए थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



पुलिस के मुताबिक कुम्हार मोहल्ला लहारपुर निवासी महेश यादव पुत्र रामलाल यादव (42) डेंटिंग-पेंटिंग का काम करते थे। रिश्तेदार के घर शादी होने पर परिजन कार्यक्रम में शामिल होने छिंदवाड़ा गए हुए थे। वह घर में अकेले थे। बुधवार दोपहर पड़ोसियों ने सूचना दी कि महेश यादव के बंद घर से बदबू आ रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। दरवाजा खोलकर देखा तो महेश यादव की दो दिन पुरानी लाश पड़ी मिली। उनके कोहनी व हथेली के बीच सीलिंग फेन फंसा हुआ था जबकि सीने पर भी बिजली का तार फंसा हुआ था। पास ही स्टूल भी पड़ा मिला है। प्रथम दृष्टया प्रतीत हो रहा है कि सीलिंग फेन सुधारते समय उन्हें करंट लगा और वह पंखे समेत नीचे गिर गए होंगे। पुरानी होने के कारण लाश डिक पोज होना शुरू हो गई थी। संपर्क करने पर शाद में गए परिजनों से बात हो गई थी। देर शाम तक परिजनों के औबेदुल्लागंज तक आ जाने की सूचना पुलिस को मिली थी।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022